


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 21 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-262 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### नक्सलियों ने पेड़ काट कर किया रास्ता बंद

**नारायणपुर,21 दिसंबर।** प्रदेश में बीजेपी सरकार आते ही नक्सली और एक्टिव नजर आ रहे हैं। हालंकि सरकार ने इनके आक्रामक को खत्म करने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इसके बावजूद नक्सलियों के हौसले और बुलंद होते नज़र आ रहे हैं। कभी ग्रामीणों को नुकसान पहुंचा रहे तो कभी आगजनी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसी बीच एक बार फिर नक्सलियों ने आतंक मचाया है। नक्सलियों ने अलग अलग इलाकों के रास्ते को बंद कर दिया है। जानकारी के अनुसार मामला नारायणपुर का है। दरअसल, नक्सलियों ने अलग अलग इलाकों में पेड़ काट कर मार्ग को बंद कर दिया और 22 दिसंबर को भारत बंद का ऐलान किया है। जिससे इलाके में दहशत बनी हुई है। इतना ही नहीं माओवादियों ने बैनर पोस्टर लगाकर बीजेपी नेता की हत्या का जिम्मा भी लिया है। बताते चले कि नक्सलियों ने इससे पहले कल यानी 20 दिसंबर को आगजनी और आईईडी लगाया था। चुनाव के बाद अब तक सुरक्षा बलों के तीन जवानों को शहीद कर चुके है। इसके अलावा भाजपा के एक नेता सहित दो नागरिकों को भी मौत के घाट उतार चुके हैं।

### 9 वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बस्तर,21 दिसंबर।** जगदलपुर शहर से लगे धुर गुडा के प्रयास आवासीय विद्यालय में आज सुबह 9 वीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। छात्र के शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, छात्र सुबह उठा और बाथरूम में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। छात्र के पिता ने बताया कि, मृतक पढ़ने में तेज था। वह अक्सर पढ़ाई ही करता था। छुट्टियों में भी वह घर पर पढ़ाई करता था और जल्द से जल्द कुछ हासिल करना चाहता था।

# किसान आत्महत्या मामले में विपक्ष का बहिर्गमन

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,21 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज नारायणपुर में किसान आत्महत्या पर कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव की सूचना दी। आसंदी के स्थगन सूचना को अग्राह्य करने पर विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया.

कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने किसान आत्महत्या का मुद्दा उठाया. अजय चंद्राकर ने कहा कि स्थगन की सूचना नहीं दी गई है, व्यवस्था आनी चाहिए. भूपेश बघेल ने कहा कि विशेष परिस्थिति है. किसान ने कर्ज के बोझ से आत्महत्या की है, महत्वपूर्ण मुद्दा है. इसपर चर्चा होनी चाहिए. इस पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि नियम प्रक्रियाओं से परे सदन नहीं चल सकता. स्थगन का उल्लेख नहीं किया गया है, इसलिए चर्चा उचित नहीं. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि गरीब की दुःख सुनने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए. अध्यक्ष दयालु हैं, दरियादिल हैं, उसमें किसान या आदिवासी समा सकता है, चर्चा होनी चाहिए. इस पर अजय



विपक्ष का स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य

चंद्राकर ने कहा कि अभिभाषण पर चर्चा के दिन नियम के विपरीत चर्चा की मांग हो रही. भूपेश बघेल ने कहा कि सत्र आहूत होने के बीच आत्महत्या हुई है, बाद में चर्चा संभव नही है, इसे ग्राह्य करके चर्चा कराया जाए. धरमलाल कौशिक ने चर्चा में शामिल होते हुए कहा कि अगले सत्र में नियम के तहत चर्चा हो सकती है. इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि नियम में यही है कि एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा सत्र के मध्य जो घटना होती है, उस पर चर्चा होती है. इसे ग्राह्य किया जाए. अजय चंद्राकर ने कहा कि यह विषय आधारित सत्र है. कवासी लखमा ने कहा कि किसान आत्महत्या न करे इसलिए चर्चा आवश्यक है. आसंदी ने व्यवस्था देते हुए कहा कि मान्य और सुव्यवस्थित परंपरा है, इसमें सदस्यों का शपथ ग्रहण होता है. स्थगन और चर्चा के मांग की पूर्व ही सूचना दी जाती है. अल्प सूचना में स्थगन ध्यानाकर्षण नहीं लिया जा सकता. आसंदी ने स्थगन सूचना को अग्राह्य किया. इसके साथ ही चर्चा नहीं कराने के विरोध में विपक्ष ने बहिर्गमन किया.

# उमेश पटेल ने उठाया कर्जमाफी का मुद्दा

## कांग्रेस विधायक ने की मंत्रिमंडल के जल्द गठन करने की मांग

**रायपुर,21 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने सत्ता पक्ष को महतारी वंदन योजना और धान खरीदी पर घेरा. विधायक ने महतारी वंदन योजना का जिक्र करते हुए कहा कि अनुपूरक बजट से समझ में आया कि केवल यह 30 लाख महिलाओं को ही दिया जाएगा, जिससे यह आंकलन निकल रहा है कि 70 लाख महिलाओं को यह सरकार ठगेगी.



कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने किसानों से अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी में 21 क्विंटल 3100 में धान खरीदी की बात कही गई. जबकि हमने 20 क्विंटल की बात कही थी, तब इसका विरोध किया गया. कल 21 क्विंटल का आदेश जारी हुआ, लेकिन प्रावधान नहीं है. आदेश जारी कर दिया, लेकिन सोसायटी को आदेश दिया. 700 क्विंटल छोटी सोसायटी और 1600 से ज्यादा बड़ी सोसायटी नहीं खरीद पाएंगे. किसानों को न्याय योजना की चौथी क़िस्त दें. जल्द मंत्रिमंडल का गठन कीजिए, मुख्यमंत्री जी उमेश पटेल ने कहा कि भाजपा की फ्लैगशिप योजना 'महतारी वंदन योजना' के लिए बजट में 1200 करोड़ के प्रावधान का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि इसे मार्च तक के लिए अनुपूरक बजट माने तो जो प्रावधान किया गया है, और इनके कैलकुलेशन के हिसाब से चले तो 1 महीने में 300 करोड़ रुपए है. और इस अनुपूरक बजट से समझ में आया कि केवल यह 30 लाख महिलाओं को ही दिया जाएगा, जिससे यह आंकलन निकल रहा है कि 70 लाख महिलाओं को यह सरकार ठगेगी. इन्होंने पहले किसानों को ठगा और अब माताओं को ठगने का काम कर रहे हैं.

# अयोध्या भेजा जाएगा 300 मीट्रिक टन चावल

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,21 दिसंबर।** अयोध्या नगरी में श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य अब जल्द ही पूर्ण होने वाला है. मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की तैयारियों के अपडेट लगातार सामने आ रहे हैं. बता दें कि 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. अयोध्या में होने वाले इस महाआयोजन में भांचा राम के ननिहाल से 300 मैट्रिक टन चावल भेजा जाएगा. 28 दिसंबर को छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन चावल भेजेगा. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हरी झंडी दिखाकर चावल से भरे ट्रकों को रवाना करेंगे. छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया भगवान श्री राम लला मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश भर में उत्साह है. इस भव्य आयोजन में होने वाले भंडारे में प्रदेश के सभी राईस मिलर्स मिलकर अच्छी किस्म के चावल भेजेगे. इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी शामिल होगे. 28 दिसंबर को वे ट्रकों को रवाना करेंगे. बिलासपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी संजय दुआ ने बताया अयोध्या में होने भगवान रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में देश भर से श्रद्धालु बडी संख्या में पहुचेंगे. जिसके लिए आयोजन समिति की ओर से महा भंडारे का आयोजन किया गया है. इसके लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के बैनर तले सभी राइस मिलर्स मिलकर 300 मैट्रिक टन से अधिक चावल भेजेंगे. 15 से अधिक ट्रकों के माध्यम से चावल भेजा जाएगा.दरअसल माता कौशल्या का मायका पुरातन कौसल प्रदेश वर्तमान छत्तीसगढ़ में ही था और चंद्रखुरी उनकी जन्म स्थल थी. वाल्मीकि रामायण के अनुसार जब अयोध्या में युवराज दशरथ का अभिषेक होने जा रहा था तब उस अवसर पर कौसल नरेश भानुमंत को भी आमंत्रित किया गया था. भानुमंत इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए अपनी पुत्री भानुमति के साथ आए. युवराज दशरथ को राजकुमारी भानुमति बहुत पसंद आईं. उन्होंने भानुमति से विवाह की इच्छा जाहिर की. तदुपरांत कौसल की राजकुमारी, दशरथ की रानी बन अयोध्या आ गईं. विवाह के बाद कौसल की राजदुहिता होने के कारण उन्हें कौशल्या नाम से पुकारा जाने लगा, जो आगे चलकर प्रभु श्री राम की माता बनीं. यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में सभी जाति समुदाय के लोग बहन (कौशल्या) के पुत्र को भगवान के प्रतिरूप अर्थात भांजा मानकर उनका चरण पखारते हैं.

# हत्या की सुपारी देने वाला ट्रांसपोर्टर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,21 दिसंबर।** राजधानी रायपुर के लाभांडी में कारोबारी के साथ हुए गोली कांड मामले में हत्या की सुपारी देने वाले ट्रांसपोर्टर संतोष सिंह को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले से हिरासत में ले लिया गया है। बता दें कि ट्रांसपोर्टर को लेकर रायपुर पुलिस आरोपित शूटर अमन शर्मा के सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में गोली कांड में हार्डवेयर व्यापारी संदीप कुमार जैन पर ओडिशा के ट्रांसपोर्टर संतोष सिंह ने गोली चलवाई है। गिरफ्तार आरोपित अमन शर्मा ने पूछताछ में पुलिस को इस बात की जानकारी दी है। आरोपित को इस काम को पूरा करने के लिए तीन लाख रुपये मिलने थे। एडवांस में आधी रकम दे दी गई थी। अमन के होटल में रुकने की व्यवस्था भी संतोष सिंह ने ही करवाई थी। वह तीन दिन पहले से रायपुर में आ गया था। संतोष सिंह संदीप कुमार से पैसे देने की बात कह रहा था। ऐसा नहीं करने करने



पर अंजाम भुगतने की भी धमकी दी थी। बुधवार को घर से महज 200 मीटर दूरी पर अमन ने फायरिंग कर दी। आरोपित के साथ कितने लोग शामिल हैं इसकी पतासाजी की जा रही है। वहीं, घायल संदीप के होश में आने के बाद पूछताछ करेगी।

आरोपित बुधवार सुबह लगभग 10 बजे होटल से निकला। इसके बाद उसने जयस्तंभ चौक से आटो बुक की और लाभांडी चौक पहुंचा। इसके बाद वह वहां से रोमंस क्यू कालोनी की ओर गया। व्यापारी संदीप कुमार जैन के घर से कुछ दूरी पर खड़े होकर उसने फोन किया और मिलने के लिए कहा। संदीप मिलने के लिए अपनी एक्टिवा से पहुंचा तो उसने फायर कर दिया, जिसमें एक मिस फायर हुआ वहीं दूसरी गोली उसके सीने में लग गई। गोली लगने के बाद भी संदीप ने अमन को पकड़ लिया। अमन जब तक वहां से अपने आप छुड़ाकर भागता तब तक आसपास के दुकान संचालकों ने उसे घेर लिया। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

अमन के पकड़े जाने के बाद ओडिशा के ट्रांसपोर्टर की गिरफ्तारी के लिए तत्काल एक टीम को ओडिशा रवाना कर दिया गया। हालांकि खबर जैसे ही फैली इस बात की भनक उसे लग गई और वह अपना नंबर बंद कर फरार हो गया। पुलिस उसके ठिकाने पर छापेमारी कर रही है।

आरोपित के पास एक पिस्टल और एक कट्टा था। वह तीन दिन से शहर में अवैध हथियार लेकर रह रहा था। घटना के समय पिस्टल के साथ उसके पास कट्टा भी था। जैसे ही लोगों ने उसे पकड़ा तो उसने कट्टा दूर फेंक दिया।

# किसकी हिम्मत है जाटों के कंधों का मजाक उड़ाए: भाजपा

**नई दिल्ली,21 दिसंबर।** टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी की ओर से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने और राहुल गांधी द्वारा वीडियो बनाने के मामले में भाजपा विपक्ष को बख्शने के मूड में नहीं है। गुरुवार को एक बार फिर भाजपा ने इस पर जाट कार्ड चला और विपक्ष को नतीजे भुगतने की बात कही। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि आखिर किसकी हिम्मत है, जो यह जाटों के कंधे झुकने की बात करें। पात्रा ने कहा कि वाइस प्रेसिडेंट जगदीप धनखड़ के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया है, वह सिर्फ राजनीतिक मसला नहीं है। भारत जैसे देश में यह एक संवेदनशील मामला है, भावनात्मक बात है। संबित पात्रा ने कहा, मेरे पिता जी भी उम्रदराज हैं। मैं उन्हें देखता हूं तो लगता है कि उनके कंधे थोड़े से झुक गए हैं। क्या एक बेटा अपने पिता के कंधे झुकने का मजाक बना सकता है हो सकता है कि उनके कंधे झुक गए हों, रीढ़ की हड्डी



झुक गई हो, लेकिन क्या कोई संतान अपने बुजुर्गों का मजाक बना सकती है। संसद की सीढ़ियों पर यह हुआ है, जो मंदिर की सीढ़ियां हैं और हिन्दुस्तान की सभ्यता की सीढ़ियां हैं। वहां जब सांसद उपराष्ट्रपति की बॉडी शेमिंग करते हैं तो यह गलत है। यही नहीं चेतावनी भरे लहजे में पात्रा ने कहा कि एक बात कान खोलकर सुन लो कि जाटों के कंधों का मजाक उड़ाना मना है। फौलाद के कंधे हैं जाटों के। जब भी मां भारती को जरूरत रही है, हमारे जाट भाइयों ने फौलाद के कंधों के साथ सीना तानकर खड़े रहे हैं। हम आगाह करते हैं कि जाट भाइयों के कंधों का मजाक न उड़ाएं। उनकी रीढ़ की हड्डी झुक नहीं सकती। इसकी मिमिक्री करने की कोशिश करना अपमानजनक और दुखद है। यह राष्ट्रीय शौर्य के साथ खिलवाड़ है। इन लोगों ने छोड़ा ही किसे है। हमारी उच्च विचारों वाली और साधारण आदिवासी परिवार की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मजाक बनता है। उन्हें राष्ट्रपत्नी कहा जाता है।

पात्रा ने कांग्रेस नेताओं रणदीप सुरजेवाला, भूपिंदर हुड्डा का नाम लेते हुए कहा कि आप लोग क्या खड़े होकर कह सकते हैं कि जाटों के कंधे झुक सकते हैं। क्या ऐसे लोगों की बात को बर्दाश्त किया जा सकता है।

# कांग्रेस का बदलेगा पता, जनवरी में इंदिरा भवन में शिफ्ट होगी पार्टी

**नई दिल्ली,21 दिसंबर।** भाजपा के बाद अब देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का भी पता बदलने वाला है। कांग्रेस जनवरी के दूसरे सप्ताह में अपने नए हेडक्वॉर्टर में शिफ्ट होने वाली है। इस नए मुख्यालय का नाम इंदिरा भवन रखा गया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। आपको बता दें कि फिलहाल कांग्रेस पार्टी का दफ्तर नई दिल्ली के 24, अकबर रोड पर स्थित है। कांग्रेस का नया छह मंजिला आलीशान कार्यालय 9, कोटला रोड पर स्थित है। कांग्रेस कार्यालय वर्तमान में 24 अकबर रोड पर स्थित है, जो पिछले 45 वर्षों से कांग्रेस के उत्थान और पतन का गवाह रहा है। कांग्रेस को जनवरी 1978 में 24 अकबर रोड पर अपना नया कार्यालय मिला था। 24 अकबर रोड 10 जनपथ से जुड़ा है, जो कि कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का आवास है। कांग्रेस पार्टी का नया मुख्यालय छह मंजिला है। यह दीन दयाल उपाध्याय रोड स्थित है, जहां भाजपा मुख्यालय भी है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी ने इसका मुख्य द्वारा कोटला रोड पर रखा है। इस नई बिल्डांग में कांग्रेस की सभी इकाई शिफ्ट हो जाएगी। फिलहा, 26 अकबर रोड पर कांग्रेस का सेवा दल, 5 रायसीना रोड पर युवा कांग्रेस और एनएसयूआई का कार्यालय है। इन सभी को यहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। शहरी एवं आवासीय विकास मंत्रालय ने कांग्रेस को 24 और 26 अकबर रोड समेत लुटियन्स जोन में स्थित तीन कार्यालयों को खाली करने का नोटिस दिया था। जनवरी 2015 में कांग्रेस के इन कार्यालयों का आवंटन रद्द कर दिया गया था। इसके बाद कांग्रेस ने नए मुख्यालय के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

### गोपालदास बिल्डिंग में लगी आग

**नई दिल्ली,21 दिसंबर।** नई दिल्ली के कनॉट प्लेस की ऊंची इमारत गोपालदास भवन में गुरुवार को आग लग गई। आग लगने की कॉल दोपहर करीब 1 बजे मिली, रिपोर्ट में 11वीं मंजिल पर आग लगने का संकेत दिया गया। दिल्ली अग्निशमन विभाग ने घटनास्थल पर 15 दमकल गाड़ियां भेजीं। अग्निशमन कर्मी फिलहाल आग पर काबू पा रहे हैं और इसे और अधिक फैलने से रोकने का लक्ष्य रख रहे हैं।

# 143 सांसदों के निलंबन को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

**नई दिल्ली,21 दिसंबर।** इस सप्ताह 143 सांसदों के निलंबन के विरोध में इंडिया ब्लॉक के विपक्षी सांसदों ने गुरुवार को दिल्ली में संसद भवन से विजय चौक तक मार्च निकाला। लोकसभा से 97 और राज्यसभा से 46 सहित निलंबित सांसदों पर 13 दिसंबर को हुए अभूतपूर्व सुरक्षा उल्लंघन पर बहस की मांग के बीच कार्यवाही में बाधा डालने का आरोप लगाया गया था। इस घटना के दौरान, दो व्यक्ति लोकसभा कक्ष में कूद गए। दर्शक दीर्घा से गैस कनस्तर छोड़े, जिससे संसदीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गईं। कांग्रेस प्रमुख और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद में सुरक्षा उल्लंघन के मुद्दे पर बात नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने सत्ता पक्ष के सांसदों पर आरोप लगाया कि जब भी विपक्षी सांसद इस मामले को सदन में चर्चा के लिए लाने की कोशिश करते हैं तो वे





व्यवधान उत्पन्न करते हैं। विपक्षी सांसदों के संसद से विजय चौक तक मार्च करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह सदन के विशेषाधिकार के हनन का मामला है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने संसद सत्र के दौरान संसद के बाहर बोला और लोकसभा सुरक्षा उल्लंघन की घटना से सदन को अवगत नहीं कराया।

निलंबन के जवाब में इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने शुक्रवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने की योजना की घोषणा की है, जिसके बाद अतिरिक्त राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सांसदों को निलंबित करने की सरकार की कार्रवाई दो चरणों में हुई, शुरुआत में 78 सदस्यों को निलंबित किया गया, उसके बाद अन्य 49 को निलंबित किया गया, 14 दिसंबर से अब तक कुल 141 सदस्यों को निलंबित किया गया है।

# सड़क हादसे में घायल कांग्रेस नेता के बेटे की मौत

**गरियाबंद,21 दिसंबर।** जिले में सड़क हादसा कम होने का नाम नहीं ले रहा है. बीती रात करीब 1 बजे आकाश टेंट संचालक आकाश यादव सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था. जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई. आकाश कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वीरू यादव का बेटा था. मौत की खबर फैलते ही नगर में मातम पसरा हुआ है. 20 दिसंबर को साढ़े 11 बजे आकाश अपनी बाइक से गरियाबंद से सढ़ोली की ओर जा रहा था. रॉन्ग साइड से आ रही टाटा मैजिक वाहन सीजी 04 एन एम 8630 के चालक ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी. घायल अवस्था में आकाश को गरियाबंद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. दिन भर चले इलाज के दौरान उसकी हालत ठीक थी. गरियाबंद कोतवाली पुलिस के मुताबिक आकाश के सिर में अंदरूनी चोंट थी. अचानक सीने में दर्द के बाद रात करीबन 1 बजे उसकी मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था. फिलहाल आगे की जांच जारी है.

## लुप्तप्राय खेलों को पूरी दुनिया में पहुंचाने वालों को मिलना चाहिए भरपूर सम्मान

jasclaudius@gmail.com

# मलखंब से छत्तीसगढ़ अब विश्व पर्यटन नक्शे में भी

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

हमारे देश में 1986 से कंप्यूटर युग आने के बाद विज्ञान, कला, निर्माण, कृषि, खेलकूद आदि सभी क्षेत्रों में निरंतर परिवर्तन आया है। सूचना के क्षेत्र में इलेक्ट्रानिक मीडिया में सबसे अधिक प्रगति हुई है। दृश्य-श्रव्य माध्यम अर्थात् टेलीविजन, मोबाइल ने तो समाज में तहलका मचा रखा है। पुष्टि के साथ आविष्कार, घटना की जानकारी को रखने से उस समाचार की विश्वनीयता बढ़ती है। 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने हमारे देश के लुप्तप्राय, लोक और स्थानीय खेलों को फिर से लोकप्रिय बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। इसके लिए विभिन्न राज्यों के खेलों का चयन करके उसे प्रोत्साहित करने की योजना बनाई है जिसके लिए एक निश्चित राशि का प्रावधान किया गया है। इन खेलों में प्राचीन भारत के निवासियों की पसंद और खेल के माध्यम से आत्मरक्षा की कला आदि का पता चलता है। इसकी वजह से 20वीं सदी में कबड्डी, खो-खो जबकि 21वीं सदी में प्रमुखतः मलखंब, गटका, कलारीपयन्तु, पेनकाक सिलाट, लागोरी, योगासन, रोलरस्केटिंग जैसे खेलों को गोवा के 37वें राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में से एक है नारायणपुर जिला जो आज भी अबूझमाड़ क्षेत्र के नाम से विख्यात है। इस क्षेत्र के युवाओं में नक्सली गतिविधियों के कारण बड़ी निराशा थी लेकिन उनमें खेलकूद के प्रति विशेष लगाव खेल प्रशिक्षकों द्वारा पैदा किया गया। यहां पर संचालित वनवासी कल्याण आश्रम और शासकीय संस्थाओं के माध्यम से अंचल के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) वर्ग के रहवासियों के बच्चों को शिक्षा, खेलकूद व अन्य क्षेत्रों में निरंतर आगे



बढ़ाने का प्रयास जारी है। इसमें शामिल कई बच्चे अनाथ, कमजोर आर्थिक स्थिति वाले हैं। इतिहास गवाह है कि अलग-अलग प्रतिभा के धनी इन बच्चों, किशोरों ने भारत में अपनी छाप छोड़ी है। विशेषकर मलखंब जैसे भारत के पुरातन खेल को पुर्नजीवित करने की कोशिश पिछले पांच-छः वर्षों से सुरक्षा बल के सिपाही पद पर पदस्थ मनोज प्रसाद द्वारा आरंभ की गई। वे जब बस्तर के एक बटालियन में पदस्थ थे तब उन्हें पुलिस प्रशासन द्वारा मलखंब के प्रशिक्षक के लिए मुंबई भेजा गया। मनोज ने इस हेतु अपने चयन को सही साबित किया और नारायणपुर में नियुक्ति के दौरान उन्होंने पाया कि भारत के प्राचीन खेल मलखंब को आगे बढ़ाने के लिए यह क्षेत्र एक विशेष स्थान रखता है अतः उन्होंने इस खेल को विश्व व्यापी बनाने की ठान लिया। दहशत में जी रहे बच्चे, किशोरों, जवानों का चयन मलखंब में करके उन्हें प्रशिक्षित करना आरंभ किया और गुजरात के 36वें तथा गोवा के 37वें राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ के लिए पदक हासिल किया। हालांकि छत्तीसगढ़ शासन और मलखंब के राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय खेल संघ ने उन्हें भरपूर प्रोत्साहित किया। फिर सोनी टीवी में इंडिया गाट टेलेंट कार्यक्रम में नारायणपुर के इन्हीं प्रशिक्षित नौजवानों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षक मनोज प्रसाद के माध्यम से नये दृष्टिकोण के कारण न सिर्फ अबूझमाड़ बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य विश्व के पर्यटन नक्शे में आ गया। एक साधारण सिपाही ने इन खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय बना दिया और छत्तीसगढ़ को पूरी दुनिया को जानने, समझने के लिए उत्सुक कर दिया। अतः हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा विजय शर्मा के समक्ष आरक्षक मनोज प्रसाद जैसी प्रतिभा को पुरस्कृत व सम्मानित करने का अवसर आ गया है। अन्य क्षेत्रों के खिलाड़ियों को जब उनकी उपलब्धि के लिए राजपत्रित पद दिया जा सकता है तो फिर मनोज प्रसाद को पुलिस विभाग में पुलिस उप अधीक्षक (डीएसपी) जैसे पद पर नियुक्ति क्यों नहीं दी जा सकती। इससे अन्य खेलों के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# हमारा बजट मोदी की गारंटी, इनका एटीएम का बजट होता था: चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,21 दिसंबर** छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान गुरुवार को अनुपूरक मांगों पर चर्चा के दौरान अजय चंद्राकर ने कहा कि उनके 5 साल के बजट और हमारे बजट में बहुत अंतर है. हमारा बजट मोदी जी की गारंटी का बजट है, लेकिन इनका बजट एटीएम का बजट होता था. आपकी न्याय योजना केवल हाईकमान तक पहुंची है. यह बजट और भी ऊपर जाता था. उन्होंने कहा कि 25 तारीख को छुट्टी नहीं रहेगी, 25 तारीख को हम दो साल का बोनस देंगे, और



प्रशासन ऐसे चलती है. महतारी वंदन योजना पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार आपको किसने दिया. यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है. इसे भाजपा ने महसूस किया है, और हम यह भी देखेंगे पूरी तरह की कितने विवाहित है और कितने अविवाहित है. कांग्रेस की आदत है, गरीबों का मजाक बनना.

अजय चंद्राकर ने कहा कि 18 लाख मकान बनाए जाएंगे, राज्य के राज्यांश के लिए और यह ऐतिहासिक कार्य विष्णुदेव साय ने किया है. 5 साल से जिसका इंतजार गरीबों ने किया. निर्धारित समय में पूरी गुणवत्ता के साथ सभी गरीबों को उनका आवास मिलेगा. अजय चंद्राकर ने कहा कि इस योजना का सोशल ऑडिट किया जाना चाहिए. 15 साल में 5 लाख पंप कनेक्शन देना लंबित है. सिंचाई की ओर कोई ध्यान नही दिया, केवल धान, धान और धान का ही राग आलापते रहे. शराब घाटोले की जांच को लेकर कहा कि ईडी को सरकार पूरा सहयोग करे.कवर्धा में हुए झंडे मामले और साजा में हुई भुवनेश्वर साहू की हत्या का मामला उठाते हुए कहा कि इस पर सीबीआई की जांच होनी चाहिए. धर्मांतरण के मामले पर कहा कि आप धर्मांतरण के मामले पर किसी व्यक्ति को संरक्षण दोगे, यह गलत है. पत्रिका किलोल का जिक्र करते हुए कहा कि आखिरकार उसका क्या हुआ और उसके पीछे कितना पैसा गया. इस पर जांच करना आवश्यक है.अजय चंद्राकर ने कहा कि 27 करोड़ से ऊपर कोरोना के सेस के रूप में वसूले गए और आखिरकार उसे दूसरे मद में खर्च करने का हक इन्हे किसने दिया जांच की जानी चाहिए. नरवा, गरवा, घुरवा और बारी और गोधन न्याय योजना में हुए भ्रष्टाचार का भी जिक्र करते हुए कहा कि सीबीआई को भ्रष्टाचार करने के लिए बैन किया गया. इसके साथ ही कहा कि पूरे सदन को भूपेश बघेल के नेतृत्व में चंद्रखुरी जाना चाहिए. केवल मूर्ति के नाम पर इन्होंने पैसा खाने का काम किया है. आखिरकार भगवान राम चंद्रखुरी और चंपारण कब गए

## एक नजर

### दुर्ग ग्रामीण के विधायक ने विधानसभा में छत्तीसगढ़ी में ली शपथ



**भिलाई 21 दिसंबर।** विधानसभ में विधायक ललित चंद्राकर ने अपनी मात्र छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ ली है. यहां अधिकांश विधायकों ने हिंदी और संस्कृत में पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की तो वहीं की विधानसभा ने पूरे छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ लेने के बाद इसे अपनी मात्र भाषा का सम्मान बताया है. विधायक ललित ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की हमें पूर्ण विश्वास है कि आपका संरक्षण छत्तीसगढ़ विधानसभा के सभी सदस्यगणों को प्राप्त होगा और हम सब मिलकर विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। मंगलवार सुबह 11 बजे रायपुर विधानसभा के सदन में सभी विधायकों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने विधानसभा में सदन के नेता के रूप में शपथ ली. साथ ही और विधायक को ने विधानसभा में सदन के विधायक पद की शपथ ली. इसके बाद एक एक कर विभिन्न जिलों के विधायकों ने भी विधानसभा में पद की शपथ ली. ज्यादातर विधायकों ने हिंदी में शपथ ली है और कुछ विधायकों ने संस्कृत में भी शपथ ली. वहीं, दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर ने अपनी मात्र छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ ग्रहण कर सभी को चौंका दिया।

### स्टील मेल्टिंग शॉप-2 ने किया चयनित पोस्टरों की प्रदर्शनी का आयोजन

**भिलाई, 21 दिसम्बर ।** सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, सिविक सेंटर स्थित, नेहरू आर्ट गैलरी में स्टील मेल्टिंग शॉप-2 द्वारा आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के चयनित पोस्टरों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसका विधिवत उद्घाटन 21 दिसम्बर को मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा द्वारा, विशिष्ट अतिथि चीफ ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स (सेल निगमित कार्यालय, नई दिल्ली) चिन्मय समाजद्दार की उपस्थिति में संध्याकाल 5-30 बजे सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी, भिलाई में सम्पन्न किया जायेगा। यह दो दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी आम जनता के अवलोकनार्थ 21 व 22 दिसंबर 2023 तक प्रतिदिन शाम 05.00 बजे से 8.30 बजे तक खुली रहेगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों ने सुनाई सफलता की कहानियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 21 दिसंबर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कबीरधाम जिले के कवर्धा, सहसपुर लोहारा और पंडरिया जनपद पंचायत के 6 ग्राम पंचायतों में विकसित संकल्प यात्रा की शिविर लगाई गई। कलेक्टर जनमेजय महोबे और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल कवर्धा जनपद पंचायत के ग्राम मड़मड़ा में आयोजित इस यात्रा शिविर में शामिल हुए और शिविर का अवलोकन भी किया। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि भारत शासन के मंशानुरूप एवं राज्य शासन के दिशा-निर्देशों से तहत कबीरधाम जिले में विकसित संकल्प भारत यात्रा के तहत जिले के सभी जनपद पंचयतों के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को अभियान चलाकर योजनाओं से जोड़ने के लिए दिशा-निर्देश भी दिए गए है। मंगलवार को कवर्धा जनपद पंचायत के ग्राम मड़मड़ा, बम्हनी, सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के नवागांवखुर्द, हरदी पंडरिया जनपद पंचायत के ग्राम सोढ़ा और कारीमाटी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर लगाकर ग्रामीणों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए जानकारियां दी गई। ग्राम मड़मड़ा में सरपंच श्रीमती सविता बाई नवरंगे, कलेक्टर जनमेजय महोबे और जिला पंचायत सीईओ अग्रवाल की उपस्थिति में आज आयुष्मान भारत योजना के तहत नए हितग्राहियों को मौके पर कार्ड बनाकर प्रदान किया गया। इसी प्रकार उज्जवला योजना के तहत भी नए हितग्राहियों सिलेण्डर, चुल्हा कीट निःशुल्क प्रदान किया गया।



विकसित संकल्प यात्रा में सिर्फ योजनाओं का लाभ ही नहीं पहुंचाया जा रहा है,बल्कि इस यात्रा के माध्यम से भारत शासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर उन योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारें में हितग्राहियों ने एक लाभार्थियों के रूप में शामिल हो रहे और उनके लाभों के बारे में ग्रामीणजनों को बता रहे है, ताकि शासन की विभिन्न योजनाओं से अन्य वंचित लोग भी जुड़ सके। श्रीमती रमतिला पटेल ने बताया कि केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन (एनआरएलएम) से 2017 से जुड़ी है। इस अजीविका मिशन के माध्यम से हमे व्यक्तिगत लाभ तो मिल ही रहा है साथ ही शासन-प्रशासन से जुड़कर लोक कल्याण के क्षेत्र में काम करने का अवसर मिल रहा है। इससे हमारा आत्म विश्वास बढ़ा है।

श्री ईश्वरी पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से उन्हें सालाना 6 हजार मिलता है। इस राशि से उन्हें बढ़ा लाभ मिल रहा है। श्री भागीरथी जांगड़े ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से आज उनका मकान पक्का बन गया है। पहले दो कमरे का मकान था, पीएम आवास से जुड़कर उन्हें जो राशि मिली उससे मैने मकान पक्का बना लिया है। अब मेरे पास तीन कमरे का पक्का मकान है। श्रीमती दिलेश्वरी पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से उन्हें पहले बच्चे के जन्म के बाद पांच हजार मिला। इस राशि से बहुत लाभ मिला। शिविर में बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत पहले बच्चे होने पर पांच हजार रूपए और दूसरा लड़की जन्म होने पर छः हजार रूपए प्रदान किया जाता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर अपना पंजीयन काराया जाना चाहिए। श्री लाला राम गंर्धव ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत उन्हें 12 हजार रूपए मिला। इस राशि से उन्होंने घर में शौचालय का निर्माण कराया। जिससे पूरे परिवार को लाभ मिल रहा है। श्री माखन लाल धुर्वे (70 वर्ष) ने बताया कि उन्हें भारत सरकार की निराश्रित पेंशन योजना के तहत प्रतिमाह 500 रूपए प्राप्त होता है। इस राशि से मुझे बहुत सहारा मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे की उपस्थिति में कृषि विज्ञान केन्द्र कबीरधाम द्वारा तकनीकि खेती के लिए ड्रोन का प्रर्दशन किया गया। किसानों को बताया गया कि तकनीकि खेती करने और ड्रोन के माध्यम से दवाई छिड़काव करने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र प्रक्षेत्र नेवारी, कवर्धा या कृषि विभाग में संपर्क किया जा सकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री त्रिपाठी ने बताया कि तकनीकी खेती के लिए किसानों को प्रतिएकड़ 625 रूपए की दर पर यह ड्रोन उपलब्ध कराई जाती है। उल्लेखनीय है कि जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान की शुरुआत 16 दिसंबर हुई है। विकासखंड में दो वैन तथा पूरे जिले के लिए आठ वैन शासन से प्राप्त हुआ है।

# एक पाती गुरुवर के नाम स्पर्धा में टहनी के मार्मिक पत्र को मिला पुरस्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 दिसंबर।** अखिल भारतीय प्रतियोगिता एक पाती गुरुवर के नाम का आयोजन संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज के जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में शरद पूर्णिमा पर्व पर आयोजित किया गया। जिसमें भारत देश के विभिन्न स्थानों से सैकड़ों पत्र ईमेल व डाक द्वारा प्राप्त हुए। दिगंबर जैन सभा नेहरू नगर के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने गुरु के प्रति समर्पण, आस्था को दर्शाते हुए अपने पत्रों के माध्यम से गुरुदेव के चरणों में अपनी भावनाओं को प्रस्तुत किया और अपने मन की बात उन तक पहुंचाना चाहते हैं इन पत्रों को संजोकर व सजाकर इन पत्रों को भेजा गया। कार्यक्रम के संयोजक जैन युवा संघ के क्षितिज जैन, अनेकांत जैन व सचिन जैन ने बताया कि सभी प्राप्त पत्र अत्यंत ही मार्मिक व भावनाओं से भरपूर है। जिनमें प्रथम पुरस्कार श्रीमती विजयलक्ष्मी जैन जबलपुर मध्यप्रदेश, द्वितीय पुरस्कार श्रीमती नेहा जैन बेंगलुरु कर्नाटक व तृतीय पुरस्कार हमारे छत्तीसगढ़ अंचल की श्रीमती मीता जैन भिलाई व सबसे छोटी प्रतिभागी कु. टहनी जैन पहाड़िया को प्राप्त हुआ। आंचल के लिए यह गौरव का विषय है की कु. टहनी ने अपने पत्र में गुरु जी को आभार प्रकट करते हुए यह कहा कि उन्होंने अपना पूरा मन एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए बना लिया था परंतु गुरुदेव के आशीर्वाद अनुसार उन्होंने साधुओं की सेवा व जन सामान्य की आयुर्वेद पद्धति से चिकित्सा करने का सपना सँजोकर पूर्णायु जबलपुर में डॉक्टर की पढ़ाई कर रही है। पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नेहरू नगर भिलाई में विराजमान आर्यिका श्री सौभाग्यमती माताजी ससंघ के सानिध्य में इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए व माताजी ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद प्रदान किया।



इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष डॉ आर के दोषी, सचिव जितेंद्र जैन, वरिष्ठ सदस्य अशोक पहाड़िया, संदीप जैन, अजित जैन, आनन्द जैन, गौरव जैन, श्रीमति सुनीता दोषी, श्रीमती वन्दना जैन आदि सैकड़ो की संख्या में जैन समाज के सदस्यों ने प्रतिभागियों व संयोजकों का अभिवादन किया।

## समाचार संक्षेप

### पोड़ी में बस स्टाप पर सिटी बस और यात्री प्रतीक्षालय की उम्मीद नई सरकार से



**कवर्धा 21 दिसंबर।** पोड़ी में बस स्टाप पर बहुत सारे स्टूडेंट सुबह बस का खड़े होकर इंतजार करते है लेकिन यात्री प्रतिक्षालय की कमी वर्षो से होने के कारण बैठने के लिए जगह नहीं मिलती है । बुजुर्गो और महिलाओं को भी कवर्धा जाने के लिए खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है । सीटी बस ना चलने के कारण बसों में भारी भीड़ देखी जाती है । सुबह सुबह दो सीटी बस नई सरकार या जिला प्रशासन को चालू कराना चाहिए जिससे अच्छे से सीटी बस पर स्टूडेंट बैठकर यात्रा कर सके । सीटी बस ऐसा होना चाहिए जो कालेज , अस्पताल जाए ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए छात्र छात्राओं ने नाम ना बताते हुए कही । खासकर बोडला से कवर्धा सुबह सुबह दो सीटी बस चलाने की शुरुवात करनी चाहिए ।

### गन्ना ले जा रहे ट्रैक्टर के पीछे रेडियम और लाल झंडा लगा रही है यातायात पुलिस

**कवर्धा 21 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव के दिशा निर्देश मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर के मार्गदर्शन मे यातायात विभाग कवर्धा द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान मे रखते हुए गन्ना ले जा रहे ट्रैक्टरों पर लाल झंडा एवम रेडियम पट्टी लगाया जाकर यातायात के नियमो की जानकारी वाहन चालकों को दिया गया। इस अभियान मे यातायात प्रभारी महेश्वर सिंग, स ऊ नि विक्रांत गुप्ता, हवलदार गोपाल ठाकुर, संजू चंद्रवंशी, वीरेंद्र योगी उस्थित रहे। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालो की भी यातायात पुलिस विभाग चेकिंग कर रही है जिसकी तारीफ भी हो जनमानस में हो रही है । लोगो ने यह अपेक्षा की है की हेलमेट नही पहनने वालो और तेज बाइक चलाने वालो पर भी कारवाई होनी चाहिए ।



### अंजनी भट्ट बाल आरक्षक के पद पर नियुक्त

**भिलाई 21 दिसंबर।** हाथ में नियुक्ति पत्र थामे सात साल की मासूम की आंखे वर्दीधारियों में अपने पिता को तलाश रही थी उसे क्या पता था कि अब उसके पिता कभी लौटकर नहीं आने वाले दुर्ग एसएसपी ने फौरन मासूम के इस मर्म को भांप लिया। उन्होंने सात साल की अंजनी के सिर पर आत्मीयता के साथ हाथ फेरा कहा बधाई हो बेटा अब तुम भी पुलिस बन गई हो पिता के असामयिक मौत के बाद अंजनी भट्ट को बाल आरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया दुर्ग एसएसपी रामगोपाल गर्ग ने बताया कि बाल आरक्षक के रुप में भर्ती की गई बच्ची के पिता की असामयिक मृत्यु के बाद उसे अनुकंपा नियुक्ति दी गई है अंजनी अपनी मां के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची एसएसपी ने बच्ची के सिर पर हाथ फेरा उसे बताया कि अब आप भी पुलिस बन गए हो एसएसपी ने दिवंगत आरक्षक अतुल भट्ट के आकस्मिक निधन पर सांत्वना दी परिवार को किसी भी प्रकार की आवश्यकता में दुर्ग पुलिस द्वारा सहयोग प्रदान करने आश्वास्त किया गया अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी होते ही परिवार द्वारा खुशी जाहिर की गई दुर्ग पुलिस द्वारा संपूर्ण कार्रवाई जल्द कर नियुक्ति पत्र प्रदान करने पर आभार भी प्रकट किया गया एसएसपी दुर्ग राम गोपाल गर्ग ने सौंपा नियुक्ति पत्र आरक्षक पिता के असामयिक मृत्यु के बाद मिली अनुकंपा नियुक्ति।



### संकल्प यात्रा के शिविर का भारत सरकार के निर्देशक ने कलेक्टर एवं आयुक्त के साथ किया निरीक्षण

**दुर्ग 21 दिसम्बर।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों के द्वारा केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।इस दौरान भारत सरकार के निर्देशक सर्वेश्वर मांझी ने कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्विनी देवांगन के अलावा निगम अधिकारियों के साथ पोटिया दशहरा मैदान में लगे शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वेश्वर मांझी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर योजनाओं की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान शीघ्र ही किया जाएगा।उन्होंने शिविर में हितग्राहियों से योजनाओं को लेकर चर्चा की। शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत शिविर में 196 आवेदनों में से 4 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन निराकरण किया गया।

# एसएमएस-2 में आयोजित सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 दिसम्बर ।** भिलाई इस्पात संयंत्र एसएमएस-द्वद्व में सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह, मोल्ड रिपेयर शॉप में 19 दिसंबर 2023 को कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया था। अंजनी कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए सुरक्षा की आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सभी कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक पूर्ण सजगता से आना चाहिए। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता ने कहा कि एसएमएस-द्वद्व भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा के मामलों में अग्रणी रहा है और इसे बनाए रखने व आगे बढ़ाने के लिए तीन सूत्रीय कार्यक्रम की आवश्यकता है, जिसमें संरचना का कठोर निरीक्षण, व्यवहारिक सुरक्षा की संस्कृति का निर्माण और कार्यस्थल पर सतर्क रहना शामिल है। मुख्य महाप्रबंधक घोषाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों पर जागरूकता सत्र की अध्यक्षता, व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. एन राम ने की। महिला सशक्तिकरण पर सत्र का संचालन महाप्रबंधक सुश्री आर रंजनी और कंसल्टेंट सुश्री शुभश्री प्रशांत द्वारा किया गया। महाप्रबंधक राजीव श्रीवास्तव, महाप्रबंधक एन के देठे, प्रबंधक पी अनु एवं प्रबंधक अंकित सत्पथी ने सुरक्षा मानकों पर प्रश्नोत्तरी के लिए पुरस्कार जीते। कार्यक्रम का संयोजन के महाप्रबंधकों बिनीतोष बाला, सौरभ जैन एवं गौरव सिंघल द्वारा किया गया। संचालन जितेन्द्र मानिकपुरी तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक योगेश शास्त्री द्वारा किया गया।

# कोविड के नये वेरियंट की आशंका, सेक्टर-9 अस्पताल में मॉक ड्रिल का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 दिसम्बर ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में आपातकालीन स्थितियों में स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा के लिए विगत दिनों मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कोविड के नये वेरियंट की आशंका और किसी भी आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए नियतकालीन समयावधि में ऐसी कार्यवाही की जाती है। मॉक ड्रिल का आयोजन संयंत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ त्रिनाथ दास के मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया गया। इस अवसर पर पं जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय की अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉ मीनाक्षी दवे, महाप्रबंधक शाहिद अहमद तथा वरिष्ठ प्रबंधक बी के श्रीवास्तव सहित हॉस्पिटल स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे। मॉक ड्रिल अभ्यास की शुरुआत कैजुअल्टी से की गई।



### वैशाली नगर कॉलेज में वैल्यू एडेड कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई, 21 दिसंबर।** इंदिरा गांधी शासकीय पीजी कॉलेज वैशाली नगर के अंग्रेजी विभाग ने बायोडाटा लेखन और आवेदन पत्र तैयार कैसे करें का वैल्यू एडेड कार्यक्रम का आयोजन किया है। यह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में दस दिनों का कोर्स है। विभाग ने 19 दिसंबर को उद्घाटन सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन अभिषेक दास थे। संस्था की प्रमुख डॉ. अलका मेश्राम ने विभाग को बधाई दी और कहा कि अंग्रेजी विभाग लोगों के लाभ के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। जो छात्रों के लिए काफी सराहनीय है। विभाग प्रमुख डॉ. मेरिली रॉय ने वैल्यू एडेड कार्यक्रम के महत्व पर बात की और डॉ. रबिंदर छाबड़ा ने रिसोर्स पर्सन का परिचय दिया और कार्यक्रम को संबोधित किया। एमए तृतीय अंग्रेजी की अदिति तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। अतिथि सहा प्रा जयश्री रेड्डी ने अभिषेक दास का स्वागत किया। वैल्यू एडेड कार्यक्रम के लिए 245 छात्रों ने पंजीकरण कराया। इस अवसर पर अन्य छात्र और संकाय भी उपस्थित थे।



# नाली के समानांतर बिछाई पाइप लाइन को बदलने भेजा जाएगा प्रस्ताव:आयुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 दिसंबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन मकान को तत्काल पूर्ण कर एजेंसी निगम को सौंपे ताकि हितग्राहियों को आबंटित किया जा सके। नाली के समानांतर बिछाए गए पेयजल पाइपलाइन को बदलने सर्वे कर शासन को भेजे जाने हेतु प्रस्ताव तैयार करे। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्देश पर ध्वनि प्रदूषण को रोकने मानक क्षमता से अधिक ध्वनि प्रसारित करने वाले डीजे संचालक के विरूद्ध कार्यवाही सहित शहर के भीतर चल रहे खटालो को एक सप्ताह में हटाना होगा।

**3 अधिकारी कर्मचारी को जारी किया गया कारण बताओ सूचना पत्र :** निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के कार्यो की समीक्षा करते हुए बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक में 3709 मकानों का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 312 पूर्ण हो गये है तथा 2405 मकानों का निर्माण आगामी तीन माह में पूर्ण कर निर्माण एजेंसी निगम को सौंपे ताकि लाटरी पद्वति से हितग्राहियों को आबंटित किया जा सके। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार द्वारा निकाले गये डिजिटल वाहन का 13 दिवसीय पडाव मे भिलाई निगम क्षेत्र के 26 स्थलो पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें केन्द्र सरकार के जनोमुखी योजनाओं से लोगो को लाभान्वित किये जाने स्थल पर फार्म भरवाया जाना तथा लाभ प्राप्त किये हितग्राहियों को मेरी कहानी मेरी जुबानी लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। 22 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे वार्ड-1 खम्हरिया से प्रारंभ होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रति दिवस दो पाली में अलग-अलग वार्ड में कार्यक्रम आयोजित होकर निगम के सम्पूर्ण 70 वार्ड में 3 जनवरी को संपन्न होगा। स्थल पर प्रधानमंत्री आवास, स्व-निधि, विश्वकर्मा, उज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, गुमास्ता, विवाह, जन्म प्रमाण पत्र, आधार अपडेशन सहित अन्य विभाग के स्टॉल लगाये जायेगे। आयुक्त ने सभी जोन आयुक्त से कहा है कि छ.ग. उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर निगम क्षेत्र में ध्वनि प्रदुषण को रोकने डीजे संचालक तथा होटल, वैवाहिक भवन, सामुदायिक भवन, उद्यान का सर्वे कर रात 10 बजे के बाद डीजे बंद करवाना है तथा मानक क्षमता से अधिक ध्वनि प्रसारित करने वाले डीजे को जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही करे। ध्वनि मानक क्षमता 70 डेसिबल को मापने सभी डीजे में ध्वनि मापक यंत्र लगाना होगा। आयुक्त व्यास ने 21 भवन मालिकों द्वारा संपत्ति कर की राशि का चेक से भुगतान करने के बाद चेक बाउंस हो जाने पर उन भवन मालिकों के विरूद्ध पुलिस में एफ.आई.आर करने के निर्देश के बाद भी कार्यवाही नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संपत्ति कर विभाग के सहायक अधीक्षक एवं प्रभारी लिपिक को तथा बैठक की सूचना व्हाट्सएप पर होने के बाद भी बैठक मे उपस्थित नहीं होने वाले सहायक राजस्व अधिकारी को तत्काल कारण बताओ पत्र जारी किये। निगम क्षेत्र में किये गये अवैध नल कनेक्शन का नियमित करने सभी जोन आयुक्त अपने क्षेत्र में शिविर लगाये तथा पानी का बिल नही पटाने वाले लोगो के कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही करें। जिन खटाल संचालको को गोकुलधाम में भूमि आबंटन किया गया है ऐसे खटाल संचालको की पहचान कर एक सप्ताह के भीतर शहर के अंदरूनी भाग से खटाल को हटाएं अन्यथा की स्थिति में आबंटन निरस्त का प्रस्ताव देवें। उन्होने सड़क मरम्मत, सड़को पर हुए गढ़ढो को भरने, यातायात को बाधित करने वाले मुख्य मार्ग के अवैध कब्जो को हटाने एवं रोका छेका संकल्प अभियान को और गति देने के निर्देश दिये। बैठक में अपर आयुक्त उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, सभी विभाग प्रमुख, सहायक अभियंता, उपअभियंता, नोडल अधिकारी तथा एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## एक नजर

### धामनसरा में रामधुनी महोत्सव 25 को

**राजनांदगांव 21 दिसंबर।** जिला रामधुनी संघ के बैठक धामनसरा रखा जिसमें संघ ने सर्वसम्मति से धामनसरा रामधुनी महोत्सव 25दिसबंर को आयोजित किया जाएगा जिसमें राधाकृष्ण रामधुनी भजन मंडली घुपसाल कथा प्रसंग कृष्ण जन्म तिपुर सुंदरी राधाकृष्ण रामधुनी मंडली परेवाडीहि कथा प्रसंग बाली वध जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली दैहान कथा प्रसंग सत्यवादी हरिश्चंद्र श्रीराम रामधुनी मंडली नीचेकोहडा कथा प्रसंग सीता जन्म श्री हरि रामधुनी मंडली चिखली कथा प्रसंग भक्त प्रह्लाद रखा गया है सुबह11 उद्घाटन मुख्य अतिथि मधुसुदन यादव पूर्व सांसद अध्यक्षता कुलबीर सिंह छाबड़ा अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव विशेष अतिथि किशन खण्डेलवाल पूर्व सदस्य खादी ग्रामोद्योग उद्योग रोहित चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव रोहित चंद्राकर अध्यक्ष भाजपा मंडल रोशनी योगेन्द्र वैष्णव जनपद सदस्य लोकेश गंगवीर सरपंच कृष्णा पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति शत्रुहन साहु अध्यक्ष रामधुनी संघ राजनांदगांव अध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा रामधुनी संघ चौकी मोहला मानपुर अतिथि शुभारंभ किया जाएगा 9 बजे समापन मुख्य अतिथि छन्नी चंदु साहू पूर्व विधायक खुज्जी अध्यक्षता रोशनी योगेन्द्र वैष्णव जनपद सदस्य विशेष अतिथि खुबलाल साहू संक्षरक रामधुनी संघ छत्तीसगढ़ संघ छत्तीसगढ़ पदाधिकारी के उपास्तिथी में समापन किया जाएगा रामधुनी कराने उद्देश्य रामनाम प्रचार प्रसार एवं मानव जीवन मुक्ति रास्ता दिखाना योगेन्द्र दास वैष्णव ने अधिक से अधिक धर्म प्रेमी उपस्थित होकर कार्यक्रम शामिल होने अपील किया।

### शिव महापुराण कथा में शामिल हुई जपं अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव



**छुरिया 21 दिसंबर।** शिव महापुराण कथा ग्राम खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करमरी में पं. श्री कामता प्रसाद तिवारी जी के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण के कथामृत प्रवाह में सम्मलित हुई जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई।इस मंगल अवसर पर श्रीमती किरण वैष्णव जी ने उन्हें प्रणाम कर कथा रसामृत का श्रवण किया। शिव महापुराण की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि आनंद देने वाली है। क्योंकि भगवान शिव कल्याण और सुख के मूल स्तोत्र हैं। यह प्रवचन कथा व्यास प.श्री कामता प्रसाद तिवारी ने दिए। उन्होंने कहा कि महापुराण कल्प वृक्ष के समान है, जो इसे जिस कामना के साथ सुनता, वह कामना पूरी होती है। शिव जब अपने भगत पर प्रसन्न होते हैं तो वह उसे सब कुछ प्रदान कर देते हैं। उन्हें प्रसन्न करने के लिए किसी बड़े प्रयास की जरूरत नहीं है। वह तो केवल सच्ची श्रद्धा और भक्ति के अधीन है। इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया सदस्य देवारू मालेकर, जनपद पंचायत सदस्य किशुन साहू, जिला भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष भेषबाई साहू, मंडल मंत्री संगीता यादव ने भी शिव महापुराण कथा रसामृत का श्रवण किया।

### हेलिकल पंप असेंबली के लिए शक्ति पंप्स को मिला पेटेंट

**रायपुर 21 दिसंबर।** एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी कंपनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को हेलिकल पंप असेंबली के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने, 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षों की अवधि के वैध है यह और यह शक्ति पेटेंटे किया गया यह बेहतरीन पॉजिटिव डिस्प्लेसमेंट पंप, पीने के पानी के लिए प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों के लिए सोलर पैनल की आवश्यकताओं में 50त्न की कटौती का वादा कर सोलर एप्लीकेशन में क्रांति ला रहा है। यह इनोवेशन न केवल लागत बचाता है बल्कि कम जगह घेरता है। जो रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में एक महत्वपूर्ण फायदेमंद बदलाव है।

### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने साबित की एथिकल सोर्सिंग की अपनी प्रतिबद्धता

**रायपुर, 21 दिसंबर।** अग्रणी ज्वेलरी रिटेलर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 100त्न ट्रेसेबल रैंड्प्योर सोना खरीदने के लिए दुनिया के अग्रणी सोना-चांदी रिफाइनरों में एक रैंड रिफाइनरी के साथ साझेदारी की. मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी - इंटरनेशनल ऑपरेशंस शामलाल अहमद ने डीन सुब्रमण्यन और मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रवीण बैजनाथ से 100त्न ट्रेसेबल व एथिकली सोर्स किए गए रैंड्प्योर सोने की पहली खेप प्राप्त की. रैंड रिफाइनरी को लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन से मान्यता मिली हुई है और वह दक्षिणी गोलार्ध में एकमात्र रेफरी दर्जा प्राप्त रिफाइनर है. उन्होंने 100त्न ट्रेसेबल व प्रमाणित रैंड्प्योर गोल्ड का उत्पादन करने के अपने समर्पण के साथ उद्योग जगत में मानक विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की बदल रही तस्वीर

**रायपुर, 21 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की तस्वीर बदल रही है। गांव में विद्युत पहुंचने से आधुनिक सुख-सुविधाओं का ग्रामीण बखूबी इस्तेमाल कर रहे है। इन क्षेत्रों में प्रधानमंत्री सड़क योजना के सड़क नेटवर्क के साथ-साथ बिजली का भी नया नेटवर्क तैयार हो रहा है।



कोण्डागांव जिले के पश्चिमी छोर पर अतिसंवेदनशील क्षेत्र में बसे कुधूर गांव में पिछड़ेपन और विकास की रोशनी से अछूता था। अतिसंवेदनशील स्थानों में नक्सल घटनाएं इन इलाकों के विकास में सबसे बड़ी बाधा थी। लेकिन अब यहां की तस्वीर बदलते जा रही है। बिजली और सड़क की सुविधा मिलने से आने से लोगों के लोगों को सामाजिक, आर्थिक विकास की नये रास्ते खुले है।

अब यहां प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना से गांव में बिजली की लाइने पहुंची है। गांव के लोग बहुत खुश है कि अब गांव तक आने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा सड़क भी बन गयी है। गांव में अब आटाचक्की, फोटो कापी दुकान जैसी दुकानें भी खुल गयीं हैं। मोबाइल टावर लग जाने से पूरी दुनिया से इंटरनेट के माध्यम से युवा जुड़ रहे हैं और नये नये कौशल भी सीख रहे हैं।

कुधूर गांव के सरपंच लक्ष्मण कश्यप बताते है कि गांव में बिजली नहीं थी। तब घर वालों ने उन्हे पढ़ने के लिए गीदम में रिश्तेदारों के घर भेज दिया था। यहां फोटोकॉपी दुकान चलाने वाली सविता कश्यप ने बताया कि घर में पहले खेती के अतिरिक्त अन्य कोई व्यवसाय भी नहीं होता था। विद्युत कनेक्शन के आने से अब पढ़ाई लिखाई की दिक्कत दूर हो गयी हैं। एक साल से घर में फोटोकॉपी के साथ किराना दुकान शुरू की है। दुकान में फ्रिज भी रखा है जिससे गर्मियों में कोल्ड ड्रिंक भी बेच पाते है। जिससे हमारी आमदनी में इजाफा हुआ है।

कुधूर में उपस्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ आरएचओ पिलाराम कोर्राम ने बताया कि बिजली न होने से गंभीर रोगियों को तुरंत रिफर करना पड़ता था। महिलाओं को प्रसव के एक माह पूर्व ही गांव छोड़कर आस-पास के अपने रिश्तेदारों के गांव में जाना पड़ता था। पक्की सड़कों के न होने से एम्बुलेंस भी गांव नहीं आ पाती थी। अब प्रसव के साथ उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं भी हम ग्रामीणों को कुधूर में ही दे पा रहे है।

भारत सरकार ने शत-प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए देश के सभी गैर-विद्युतीकृत घरों का विद्युतीकरण हासिल करने पर भी ध्यान केंद्रित किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत सरकार ने अक्तूबर, 2017 में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना-सौभाग्य-योजना की शुरूआत की। इस योजना के तहत सभी अविद्युतीकृत घरों में अंतिम छोर के गांवो तक विद्युत कनेक्टिविटी और विद्युत कनेक्शन देने का प्रावधान रखा गया है।

# पीएम स्वनिधि योजना से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ें:आयुक्त

**नगर निगम आयुक्त ने सामुदायिक संगठनों बैठक लेकर निर्देश दिए**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 दिसम्बर।** प. दिनदयाल अन्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सामुदायिक संगठकों की नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने आज अपने कक्ष में बैठक लेकर प्रधानमंत्री स्व निधि योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को लेने प्रात्साहित करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में कहा कि अगले महीने शहर में आने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ नागरिकों को दिया जाना है, इसी कडी में वेंडरो को प्रधानमंत्री स्व निधि योजना से भी अधिक से अधिक जोडना है, इसके लिये तैयारी करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की सामुदायिक संगठकों से जानकारी ली। उन्होंने अब तक कितने वेंडरों को लाभ प्राप्त हुआ है, इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ देना है। योजना के तहत वेंडरों को तीन चरणों में ऋण देने का प्रावधान है। ऋण के प्रथम चरण में 10 हजार रूपये जिसे एक वर्ष में वापस करने के उपरांत दुसरे चरण में 20 हजार रूपये, इसके वापसी उपरांत तीसरे चरण में 50 हजार रूपये ऋण वापस करने का प्रावधान है, जो वेंडर निर्धारित किश्तों में ऋण वापस कर देता है तो उन्हें ब्याज में छुट मिलती है, छुट की राशि वेंडर के खाते में शासन द्वारा जमा की जाती है। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि अगले महीने शहर में आने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री स्व निधि योजना का लाभ वेंडरों को देना है, इस संबंध में सभी सामुदायिक संगठक कार्यवाही कर वेंडरों को योजना की जानकारी देवे और अधिक से अधिक लोगों को जोड़े, ताकि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सभी 7 कैम्पों में नये वेंडरों को लाभानवित किया जा सके तथा भारत सरकार द्वारा पथ विक्रेताओं के हित में चलाये जा रहे योजना का लाभ अधिक से अधिक वेंडरों को मिल सके। बैठक में एनयुएलएम के नोडल अधिकारी अशोक देवांगन, सामुदायिक संगठक एस.के.झा, श्रीमती रिजवाना सैफी, श्रीमती उषा शर्मा, श्रीमती ममता साहू, श्रीमती थिरेश्वरी कचलामें, श्रीमती मंजू क्षत्रीय एवं राजेश मानिकपुरी उपस्थित थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री स्व.मोतीलाल वोरा की जयंती मनाई



**राजनांदगांव 21 दिसंबर।** अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व.मोतीलाल वोरा की जयंती पर 20 दिसंबर को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगोष्ठी सभा आयोजित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन पर अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व.मोतीलाल वोरा की जयंती संगोष्ठी सभा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व व विचारों का आदान-प्रदान कर मनाया। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने स्व.मोतीलाल वोरा के साथ बिताएं हुए पलों को साझा करते हुए कहा कि वे कांग्रेस के कद्दावर नेता के रूप में जाने जाते थे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दो दशक तक कोषाध्यक्ष रहे और राष्ट्रीय राजनीति में उनका व्यापक प्रभाव रहा। महापौर हेमा देशमुख कहा कि स्व.बाबूजी (मोतीलाल वोरा जी) की जयंती पर सादर वंदन करती हूं। वे पत्रकार के तौर पर कई साल तक पत्रकारिता की। वे पार्षद से मुख्यमंत्री और राज्यपाल तक का लंबा सफर तय किया। मोतीलाल वोरा जी 92 साल की उम्र में भी छत्तीसगढ़ की राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई। संगोष्ठी सभा को संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, शारदा तिवारी, आफताब आलम, रमेश राठौर, माया शर्मा ने संबोधित किया। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, झम्मन देवांगन, पार्षद मनीष साहू, मामराज अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, खिलेश बंजारे, सौम्य शर्मा, राजेन्द्र सोनी, विष्णु सिन्हा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे। उक्त संगोष्ठी सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों का शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया।

# अतिक्रमण हटाने निगम में दल गठित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 दिसम्बर।** निगम सीमाक्षेत्र स्थित शहर के व्यस्तम मार्गो में अधिकतार दुकानदारों द्वारा अपने दुकानों के बाहर समान रखने तथा दुकान संचालन करते है, जिससे यातायात बाधित होती है। उक्त क्षेत्र से दुकानों के अतिक्रमण हटाने एवं जप्ती की कार्यवाही करने निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर उपायुक्त श्री मोबिन अली ने टीम का गठन किया है। टीम के प्रभारी अधिकारी राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को बनाया गया है एवं प्र. सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम तथा अन्य कर्मियों को सहायक का दायित्व सौपा गया है। गठित टीम शहर के व्यस्तम मार्गो के दुकानदारों को अपना समान दुकान के अंदर रखने समझाईस देगे, अपालन पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेंगी। टीम के सदस्य आज पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख मार्ग गुडाखू लाईन मे पैदल भ्रमण कर दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने एवं समान दुकान के अंदर रखकर व्यवसाय करने की अपील किये। उल्ल्ेखनीय है कि शहर के व्यस्तम मार्गो सिनेमा लाईन, हलवाई लाईन, सदर लाईन, गुडाखू लाईन, कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, जूनी हटरी, फल मार्केट सहित अन्य मार्गो के दुकानदारों द्वारा समान बाहर रखकर एवं समान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं आवगमन में असुविधा होती है। जिसे ध्यान में रखकर आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर निगम में टीम गठित की गयी, जिसके परिपालन में टीम द्वारा आज गुड़ाखू लाईन में भ्रमण कर समान दुकान के अंदर रखने समझाईस दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि शहर के व्यस्तम मार्गो के दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान की सीमा के बाहर प्लेटफार्म तथा सडक पर सामान रखकर व्यवसाय किया जाता है तथा कपडा व अन्य सामान बाहर लटकाया जाता है, जिससे पार्किंग में असुविधा होने के साथ साथ यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा दुकान में भी खरीददार पार्किंग के अभाव एवं खडे होने की जगह नहीं होने पर उक्त दुकान में खदीददारी करने नहीं जाते, जिससे दुकानदारों को भी नुकसान होता है। इन्ही बातो को आज निगम की टीम व्यापारियों को उनके दुकान में जाकर दुर्घटना रोकने एवं शहर को व्यवस्थित करने में सहयोग करने व्यापारियों से अपील की है। इस अवसर पर प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम,उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे, राजस्व निरीक्षक श्री हितेश ठाकुर, सहायक ग्रड-2 श्री अभिजीत हरिहारनो तथा चिराग मेश्राम, अनुराग श्रीवास्तव मिलीन रेड्डी, अजय मेश्राम सहित निगम व पुलिस का अमला उपस्थित था।

# राजस्व वसूली के लिये 21 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक वार्डो में शिविर का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 दिसम्बर।** नगर निगम राजस्व वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चलाने जा रहा है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बकाया राजस्व वसूली के लिये वार्ड प्रभारियों के साथ-साथ पूरी राजस्व टीम को वार्डवार शिविर के संबंध में कार्यक्रम निर्धारित कर लक्ष्य के अनुरूप वसूली कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिये हैं। राजस्व शिविर के प्रभारी अधिकारी उपायुक्त श्री मोबिन अली एवं राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल रहेंगे।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व वसूली कार्यक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि वर्तमान में नगर निगम की राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु 12 वार्डो में प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक 21 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक प्रतिदिन वार्डो में चलाये जाने वाले इस अभियान के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को राजस्व वसूली का दायित्व सौपा गया है। उन्होनें बताया कि शासन द्वारा दिसम्बर माह में सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छुट का प्रावधान है। करदाताओं को छुट का लाभ देने एवं लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु वार्डो में शिविर आयोजित की जा रही है। शिविर में सम्पत्तिकर के साथ साथ जलकर, समेकित कर, दुकान किराया/लायसेन्स/गुमटी एवं अन्य बकाया की वसूली की जावेंगी। निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शिविर दिनांक 21 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक वार्ड नं. 4 के लिये प्राथमिक शाला पुराना ढाबा व पंचायत भवन नया ढाबा में, वार्ड नं. 21 के लिये प्राथमिक शाला पेण्ड्री में, वार्ड नं. 22 के लिये आंगनबाडी भवन गौठान के पास रेवाडीह में, वार्ड नं. 31,32,33,34,35 व 36 के लिये सामुदायिक भवन लखोली में वार्ड नं. 49 के लिये पार्षद कार्यालय मोहड में, वार्ड नं. 50 के लिये निषाद भवन सिंदई में एवं वार्ड नं. 51 के लिये पार्षद कार्यालय हल्दी में प्रातः 10:00 से 4:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि उपरोक्त शिविर स्थलों में किसी भी वार्ड के करदाता अपनी पुरानी भुगतान रसीद दिखाकर अपने बकाया करों का भुगतान कर सकते है।

### अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी



**राजनांदगांव 21 दिसंबर।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी श्रीनिवास जनबंधु निवासी डोंगरगढ़ द्वारा थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनका छोटा भाई रमेश जनबंधु दिनांक 24.06.2021 को अपने मोटर सायकल, से बिल्डिंग मटेरियल सामान का पैसा वसूलने ग्राम बछेराभाठा जा रहा हूं कहकर निकला था, जो घर वापस नही आया है कि रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन किया गया, दौरान दिनांक 28.06.2021 को ग्राम राउरकसा डेम (थाना बोरतलाव) के उपर सड़ी गली अवस्था में एक लाश मिली जिसका रमेश जनबंधु के रूप में शिनाख्ती हुई जो प्रथम दृष्ट्या हत्या होना परिलक्षित होने से थाना बोरतलाव में अपराध क्रमांक 52/2021 धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। विवेचना के दौरान मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों से पूछताछ कथन के आधार पर संदेही आरोपी महेश सोनी, राहूल सोनी, अजय शर्मा उर्फ बहु एवं सूरज वर्मा से पूछताछ किया गया जो घटना कारित करने से साफ इंकार किये। आरोपी महेश सोनी व सुरज वर्मा का ब्रेन मेपिंग (ক্লখহস্ত) टेस्ट कराया गया परीक्षण रिपोर्ट मे घटना के संबंध में अहम तथ्य प्रकाश में आये। विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारी श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन में व श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा वं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन पर ब्रेन मेपिंग टेस्ट के आधार पर संदेही आरोपी महेश सोनी, राहूल सोनी, अजय शर्मा उर्फ दहु सुरज वर्मा को हिरासत में लेकर पुनः कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपीगण द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किये। आरोपी महेश सोनी द्वारा बताया कि गांव में घर बनाने के लिए रमेश जनबंधु जो हार्डवेयर का दुकान चलाता था, जिससे विल्डिंग मटेरियल का सामान उधारी लिया था जिसका कुछ पैसा बांकी रहने से रमेश जनबंधु का आरोपी के घर में आकर बार-बार तगादा करता था जिससे महेश सोनी काफी परेशान था। दिनांक 24.06.2021 को सुबह रमेश जनबंधु आरोपी महेश सोनी के घर ग्राम बछेराभाठा वसुली के लिये आया था और उधारी रकम लेन-देन की बात को लेकर दोनों में वाद-विवाद हुआ था।

### पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी:हारुन मानिकपुरी

**छुरिया 21 दिसंबर।** प्रकृति एवं पर्यावरण को सुरक्षित, संरक्षित एवं पोषित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। पिछले कुछ सालों से प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति हमारा व्यवहार विरोधी एवं उपेक्षित हो गया है। हम अपने कर्तव्यकर्म की उपेक्षा ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरण के प्रति अति उदासीन रवैया अपनाएं हुए हैं। हम प्राकृतिक संसाधनों का केवल दोहन एवं दुरुपयोग किये है।



युवाओं में अपार ऊर्जा होती है, इस ऊर्जा का उपयोग केवल विनाश के रूप में हुआ है। इसका संवर्धन करने की कोई जिम्मेदारी हमने नहीं निभाई। निरंतर किए गए हमारी प्रकृति विरोधी आचरण ने अब प्रकृति को विकराल बना दिया है। प्रकृति अब गुस्सा में है। प्रकृति इतनी क्रोधित हो उठी है कि लगता है कि वह सबको उदरस्थ कर लेगी। कभी सबको पोषित एवं संरक्षित करने वाली अब भड़की हुई सिंहनी की तरह सबके प्राण लेने पर उतारू है। उसके सिंहनाद से सब तरफ त्राहिमाम हो रहा है। असंतुलित पर्यावरण, प्राकृतिक आपदाओं की भरमार इसी का परिणाम है। सूखे,अकाल का प्रकोप, बाढ़ की भयावह विभीषिकाएं, भूकंपों के श्रृखलित आघात ,क्षण -क्षण रंग बदलने का गिरगिटी करिश्मा दिखाते मौसम - प्रकृति के उन्हीं विरोधी तेवरों को दर्शाते हैं। प्रकृति के इस असंतुलन का भयावह परिणाम है कि आज मौसम चक्र बुरी तरह से ध्वस्त हो गया नजर आता है। सावन-भादो में अनावृष्टि और गर्मी में अतिवृष्टि के कारण बाढ़ का प्रकोप,अब सामान्य सी बात नज़र आने लगी है। प्रकृति के इन तीखे तेवरों को शांत करने के लिए हम सबको ही मिलजुल कर प्रयास करने ही पड़ेंगे। हमारी असीमित ऊर्जा को इसी ओर सुनियोजित करने की आवश्यकता है। उन्हीं को अपने अतीत में किए गए प्रकृति विरोधी कर्मों का परिमार्जन करना पड़ेगा। यहां यह बताना जरूरी है कि प्रकृति में जो दुर्लभ जड़ी-बूटियां विलुप्त हो रही हैं। उन्हें फिर से रोपित कर जिंदा रखने का संकल्प लेने की आवश्यकता है।

### गुंडा-बदमाशो पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव 21 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम व अपराधियों पर नकेल कसने के लिये जिला के समस्थ थाना/चौकी प्रभारियों को निगरानी बदमाश, माफी बदमाश, गुण्डा बदमाश एवं हिस्ट्रीशीटर के विरूद्ध कार्यावाही करने व चेकिंग करने हेतु आदेश दिया गया था जिस पर




कार्यवाही करते हुए थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 04 प्रकरण में 08 आरोपियों के विरूद्ध धारा 151 जा0फौ0 की कार्यवाही की गई। ओपी तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 अरोपी के विरूद्ध धारा 151, 107, 116(3) जा0फौ0 के तहत् कार्यवाही की गई। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी के विरूद्ध धारा 151 जा0फौ0 की कार्यवाही की गई। थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 05 पूर्व आरोपियों को चेक किया गया। थाना छुरिया पुलिस द्वारा 01 और थाना घुमका पुलिस द्वारा 05 पूर्व आरोपियों को चेक किया गया। पूर्व आरोपियों के पड़ोसियों एवं ग्रामिणों से आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर आरोपियों के ठिकानों को चेक किया गया एवं सभी पूर्व आरेपियों को समझईश दी गई की वे अपराध की दुनिया को छोड़ सामाजिक मुख्यधारा में जुड़े पुलिस की सतत् निगाह उन पर है किसी प्रकार के अपराधों में संलिप्त होने या अपराध को बढ़ावा देने संबंधी संलिप्ता पाये जाने पर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उन्हें बताया गया कि अपराध रोकने में वे पुलिस की सहायता करें किसी प्रकार के अपराधिक कृत्य होने की सूचना मिलने पर तत्काल थाना/चौकी को सूचित करने हेतु हिदायत दिया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के मकान का सपना हुआ साकार

**राजनांदगांव 21 दिसम्बर।** हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका स्वयं का पक्का मकान हो, जिसमें वह सुकून से अपने परिवार के साथ गुजर बसर कर सके। ऐसा ही सपना श्री चेन सिंह साहू ने भी देखा। श्री चेन सिंह साहू की पत्नी दशोदा बाई ने बताया कि उनके सपने को हकीकत में बदलने की कोशिश प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए साकार हुई।



राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रानीतराई निवासी श्री चेन सिंह साहू की पत्नी दशोदा बाई ने बताया कि उनके पति मजदूरी करते हैं और 3 बच्चे है। श्रीमती दशोदा बाई ने बताया कि पहले कच्चा जर्जर मकान था जिसमें बारिश के दिनों में पानी टपकता था और हमेशा सीलन रहती थी। तालाब के नजीदीक होने के कारण बारिश में पानी भर जाता था और कीड़े-मकोड़े का डर बना रहता था। श्रीमती दशोदा बाई ने बताया कि ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी मिली जिसकी मदद से अपना पक्का मकान बनाने का सपना साकार हुआ। अब किसी प्रकार की समस्या नहीं होती है। घर में सीलन और कीड़े-मकोड़े से मुक्ति मिल गई है। पक्का मकान बनने से अतिरिक्त आय के लिए एक छोटा सा राशन दुकान भी अच्छे से चल पा रहा है। श्रीमती दशोदा बाई ने बताया कि घर में पक्का शौचालय बना है जिसका उपयोग परिवार के सभी सदस्य करते हैं। श्रीमती दशोदा ने केन्द्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की इस योजना से कच्चे मकान की समस्या से गुजर रहे लोगों को भी अपना पक्का मकान बनाने का मौका मिल रहा है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू शामिल हुई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंबागढ़ चौकी 21 दिसंबर।** ग्राम पंचायत कौड़ुटोला में विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू थी।




मुख्य अतिथि श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दिनों मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है। प्रधानमंत्री न केवल जनहित में योजनाएं बनाते हैं, बल्कि योजना का लाभ आम जनता तक पहुंचे यह भी सुनिश्चित करते हैं। गरीब एवं जरूरतमंदों को आगे बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार समर्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोविड-19 के समय देश के नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की। उनके मार्गदर्शन में कोविड के दो टीके बनाये गए और दूसरे देशों को भी दिये। प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण योजना की अवधि बढ़ाई है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ जनता को 5 किलो अतिरिक्त चावल प्रदान किया जा रहा है। मोदी की गारंटी में हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रावधान किया जा रहा है। उन्हें हर वर्ग से सरोकार है।उन्होंने सभी से आग्रह किया कि सभी घरो तक पहुंचकर गरीब एवं जरूरतमंदों को केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य करें। भारत सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाएं आम जनता से जुड़ी हुई है। ऐसी महत्वपूर्ण योजनाओं को लोगों तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित करना है। ताकि पात्र हितग्राही वंचित न हो। उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हुआ है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती गीता घासी साहू , विशेष अतिथि श्रीमती योगमाया साहू, परमिला नेताम सरपंच, श्रीमती तीजन बाई मानिकपुरी जनपद सदस्य ,सुंदरी बाघमारे जनपद सदस्य, कुंजलता हरमुख भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष, प्रियंमवदा रामटेके जनपद सीईओ, कविता गुरले जनपद सदस्य, वनिता मारगाये, गया दास साहू , मदन साहू ,भारत भूषण, चुनू राम साहू, संजय जनबंधु, पांडुरंग सुटे, छन्नूलाल तारम, गौरी शंकर गुरले, मानिक राम पटेल ,बेनी प्रसाद साहू, कुंभ लाल साहू, लक्ष्मण साहू, राजकुमार सहारे, भंवर सिंग साहू, काशीराम अम्बादे आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## संपादकीय

# बैठक में कोई अहम फैसला नहीं

पांच राज्यों के चुनाव के चलते इंडी अलायंस की कई महीनों तक बैठक नहीं हुई। चुनाव में बुरी तरह हार के बाद कांग्रेस को इंडी गठबंधन की बैठक की याद आई। इस बार कांग्रेस को छोड़ सारे दलों ने कांग्रेस अध्यक्ष ने जिस तारीख को बैठक बुलाई, उसमें आने से मना कर दिया। कई बार बैठक टलने के बाद 19 दिसंबर को गठबंधन की चौथी बैठक हुई। इस बैठक में कोई अहम फैसला नहीं हो सका। सीट शेयरिंग,गठबंधन का संयोजक कौन होगा आदि विषयों पर बाद में फैसला करने का निर्णय किया गया। एक ही बात पर फैसला हो सका कि 22 दिसंबर सांसदों के संसद से निलंबन के विरोध पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा। हर बैठक की तरह इस बैठक में भी एक राज्य के नेता नाराज हो गए और जल्दी चले गए। बिहार के लालू यादव व नीतीश कुमार को गठबंधन के फेस के तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिाकार्जुन खरगे को नाम पसंद नहीं आया और वह प्रेस कांफ्रेस में शामिल नहीं हुए और बिहार चले गए। बाद में पूछने पर हमेशा की तरह कहा गया कि कोई नाराजागी नहीं है, बिहार जल्दी लौटना था इसलिए जल्दी चले आए। बैठक के पहले बिहार में नीतीश कुमार इंडी गठबंधन का चेहरा व पीएम बनाने के पोस्टर लगाकर यह संदेश दे दिया गया था कि लालू परिवार व नीतीश कुमार की पार्टी का मानना है कि गठबंधन का पीएम फेस के लिए नीतीश कुमार सबसे बेहतर हैं। बैठक से पहले मिले ममता बैनर्जी व केजरीवाल ने नीतीश कुमार व लालू यादव के दांव को कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे कर फेल कर दिया है। ममता व केजरीवाल ने ऐसा करके एक तीर से कई शिकार किए हैं। कांग्रेस चाहती है कि गठबंधन का पीएम फेस तो राहुल गांधी को होना चाहिए। ममता व केजरीवाल सहित कई नेता नहीं चाहते हैं कि गठबंधन का पीएम फेस राहुल गांधी हों। राहुल गांधी को काटने के लिए ममता व केजरीवाल ने खरगे का नाम आगे कर दिया। नीतीश कुमार व लालू यादव की नीतीश कुमार को आगे करने की योजना को फेल कर दिया क्योंकि अब नीतीश कुमार के सामने कांग्रेस को खड़ा कर दिया गया। लालू व नीतीश कुमार खरगे का विरोध नहीं कर सकते। विरोध करते हैं तो यह कांग्रेस व दलित नेता का विरोध माना जाएगा। ममता व केजरीवाल को यह भी मालूम था कि वह पीएम फेस के लिए खरगे का नाम आगे करेंगे तो खरगे इसे स्वीकार करने वाले नहीं है। यही हुआ है खरगे ने इस मामले को बाद के लिए टाल दिया है। उन्होंने सबसे पहले गठबंधन की जीत की बात की है। उनका कहना था कि गठबंधन जीतेगा तब ही तो पीएम चुनने की बात होगी। इसलिए पहले गठबंधन कैसे चुनाव जीत सकता है, इस पर फैसले करने की जरूरत है। ममता व केजरीवाल ने एक मौका कांग्रेस व खरगे को दे दिया और खरगे ने इंकार कर दिया है। आगे अब ममता व केजरीवाल कह सकते हैं कि हमने तो कांग्रेस व खरगे को मौका दिया, उनहोंने इंकार कर दिया। अब कांग्रस को ममता या केजरीवाल का समर्थन करना चाहिए। गठबंधन के नेताओं की परेशानी यह है कि वह पीएम चेहरा बनना भी चाहते हैं और बयान देते रहते है कि मुझे पद की कोई लालसा नहीं है। मैं तो चाहता हूं कि गठबंधन कैसे भाजपा व मोदी के खिलाफ एकजुट हो। जब भाजपा व मोदी के खिलाफ गठबंधन की पहली बैठक हुई थी तो गठबंधन के पास तैयारी के लिए कई महीने थे। लेकिन दलों ने कोई तैयारी नहीं की। लगभग चार महीने यूं ही निकल गए।चार महीने बाद बैठक हुई भी तो कोई अहम फैसला नहीं हुआ है। कायदे से तो अब तक सारी तैयारी हो जानी थी क्योंकि लोकसभा की घोषणा तो मार्च में हो सकती है। यानी कि लगभग तीन महीने का समय बचा है। चार महीने गठबंधन के नेताओं ने बेकार गंवा दिए। अब तक तो चार सौ सीटों पर प्रत्याशी तय होने के साथ,कई संयुक्त रैलियां हो चुकी थी। गठबंधन के नेताओं का कांग्रेस पर निर्भर रहना ही गठबंधन पर भारी पड़ा है। कांग्रेस और गठबंधन के नेता जब चार महीने में कुछ नहीं कर सके तो तीन महीनें में क्या करते हैं देश के लोग इंतजार कर रहे हैं। देश की जनता तो तब तक मोदी को बदलने से रही जब तक उससे बेहतर कोई नेता नहीं मिल जाता। गठबंधन का दुर्भाग्य है कि उसके पास ऐसा कोई नेता नहीं है।

# स्वार्थी सांसदों ने संसद को मज़ाक बनाकर रख दिया

**गंभीर मुद्दा**
**प्रियंका सौरभ**



**संसद में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाज़ी करना, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मज़ाक बनाकर रख दिया है। अब समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है।**

पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चलाकर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौक़ा ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाज़ी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ़-साफ़ रखें और सरकार साफ़-साफ़ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्रवाई में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीनकर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है। अब विपक्षी पार्टियों और कुछ सांसदों ने संसद की दुर्गति कर रखी है। दोनों सदनों में निजी एजेंडों को लेकर अनुत्पादक हंगामा कर कार्यवाही ठप करा देना आम बात है। संसद में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाज़ी करना, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मज़ाक बनाकर रख दिया है। सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उसकी मंशा देश के विकास की योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाज़ा देश का आम आदमी भी वह सब कुछ देखता है, जो संसद में रोज़ हो रहा है। आख़िर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? ज़रा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है? यह सच है कि इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं। वे न केवल दादागिरी की राजनीति में विश्वास करते हैं अपितु सफल संसद सत्र के पैमाने को 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' भी बनाते हैं। आज विषय-वस्तु की बजाय आकार महत्वपूर्ण बन गया है जिसके चलते संसद में गली-मोहल्लों के झगड़ों जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। इसलिए इस गिरती राजनीतिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों में संसदीय कार्रवाई में राजनीति को प्रभावित करने वाली विषय सामग्री नहीं मिलती है।

कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि संसद अब महज़ एक स्कोरिंग क्लब बन कर रह गई है। बहुतों को पता होगा कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर ढाई लाख रुपए ख़र्च हो जाते हैं। इस तरह एक दिन की सामान्य कार्यवाही पर औसतन छह करोड़ रुपए का ख़र्च आता है। जिस दिन कार्यवाही लंबी चलती है, उस दिन ख़र्च और बढ़ जाता है। ज़रा सोचिए कि यह पैसा आता कहां से है। ज़ाहिर है कि देश के आम लोगों की जेब से ही आता है। लोकतंत्र में इससे बड़ा और क्या मज़ाक होगा कि संसद की कार्यवाही लगातार ठप रहे या फिर दिन भर रह-रह कर हंगामा होता रहे, फिर भी एक दिन में छह करोड़ रुपए ख़र्च हो जाएं। ज़रा सोचिए कि छह करोड़ रुपए से क्या-क्या हो सकता है? हज़ारों गांवों की क़िस्मत संसद की एक दिन की कार्यवाही पर होने वाले ख़र्च से बदल सकती है। लाखों ग़रीब लड़कियों की शादी हो सकती है। लघु और कुटीर उद्योगों से हज़ारों नौजवानों की क़िस्मत संवर सकती है। लेकिन सांसद यह सब नहीं सोचते। विकास की योजनाएं भले न बनें, व्यक्तिगत हित ज़रूर सुधरने चाहिए। क्या सांसद देश से ऊपर हो गए हैं? एक बात और सारे सांसद हंगामेबाज़ हों, ऐसी बात नहीं हैं। जो कामकाज को लेकर गंभीर हैं, वे कुछ नहीं कर पाते। सवाल है कि सांसद हर बार माहौल क्यों नहीं बनाते? क्या सांसद केवल हंगामा करने के लिए ही पहुंचते हैं? सांसदों ने लोकसभा को पंगु बना कर रख दिया है। हक़ीक़त यह है कि लोकतंत्र का लोक यानी देश की जनता लोकसभा का चुनाव सीधे तौर पर करती है। ऐसे में अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए सदन को लोक के सदन यानी लोकसभा की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि लोकसभा में हुए हर काम में अड़ंगा डाल दिया जाए।

लोकसभा में तय दिनों में सभी सांसदों को तीन-तीन मिनट ही सही, अपने चुनाव क्षेत्र के बारे में बोलने दिया जाए। बार-बार हंगामा करने वाले सांसदों को चिन्हित किया जाए और उनकी सूची प्रचारित कराई जाए। ऐसे नियम बनाए जाएं कि वेल में आने या पर्चा लहराने या दूसरा किसी भी क़िस्म का हंगामा करने वाले सांसद के ख़िलाफ़ ख़ुद-ब-ख़ुद कोई तय कार्यवाही हो जाए। कुछ सांसद वॉकआउट करने के बाद दोबारा सदन में क्यों आ जाते हैं? केवल दिखावा करने के लिए ऐसा करते हैं, उन्हें देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। वे संसद में कुछ कर नहीं पा रहे हैं और उधर उनके लोकसभा क्षेत्र की जनता त्रस्त, क्योंकि वे उनकी समस्याएं सुलझा ही नहीं पा रहे हैं, क्योंकि संसद में केवल हंगामा हो रहा है। इसलिए संसद को अखाड़ा बनने से रोकें। नेतृत्व को भी अपनी बात समझाएं, उनके हर ग़लत-सही आदेश का आंख मूंदकर पालन न करें। लोकतंत्र के पवित्र मंदिर की गरिमा बचाए रखना सांसदों का प्रथम काम है। संसद को महत्वहीन बनाने के खतरनाक आयामों को शायद ये लोग नहीं समझते हैं। हमारी संसद हमारे राष्ट्र की आधारशिला है जो जनता का प्रतिनिधित्व करती है और जिससे अपेक्षा की जाती है कि वह हमारे राष्ट्रीय हितों पर संप्रभु निगरानी रखे। सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है और सरकार का अस्तित्व उस पर लोकसभा के विश्वास पर निर्भर करता है। अत~ समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ कर जा रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं। उम्मीद है कि देश के सांसदों को, सांसद चलाने वालों को इस बात का भान जल्द हो कि देश का नागरिक उन्हें कितनी उम्मीद के साथ देखता है। साथ ही उन्हें कई मौकों पर उदाहरण की तरह रखता है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। मार्किट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं, तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें। इससे आपको फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लंबे समय के बाद खुद को तरो-ताजा महसूस करेंगे।

**वृष राशि-** आज आपका दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको ऑउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है, लेकिन आप समय रहते सब कुछ अच्छे से निपटा लेंगे। इस राशि के जो लोग स्टेशनरी का बिजनेस करते हैं, उनके लिए दिन ज्यादा लाभकारी रहेगा।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। जो छात्र सरकारी नौकरी के लिए कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उनको भी आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें। ऑफिस में आपको किसी बड़े आधिकारी या सहकर्मी का सहयोग मिल सकता है।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते कुछ काम पूरे होने से रह सकते है। आज कोई भी जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरुर ले लें। आपके दिमाग में खुद-ब- खुद नए-नए आइडियाज आते रहेंगे।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिए जाना चाहते हैं, वो किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें। बदलते मौसम में आपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम जरूर सफल होंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिए वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है, कन्या के लिए आपको सुयोग्य वर मिल सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। आज आपको जीवनसाथी का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

**तुला राशि-** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आपके मुंह से निकली हुई एक गलत बात आपके रिश्तों को खराब कर सकती है।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आज आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। किसी के साथ पार्टनरशिप के लिए दिन अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा महिलाओं के लिए भी दिन बढ़िया रहेगा, बॉस और अन्य सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। ऑफिस में किसी काम के लिए आप खुद से जिम्मेदारी ले सकते हैं।

**धनु राशि-** आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको कोई बड़ा पद भी दे सकती है। जनता के बीच आपका मान सम्मान भी बढ़ेगा। जो लोग लोहे के व्यापार से जुडे हैं, उनके व्यापार में वृद्धि होगी। फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स को कोई काम मिल सकता है। इससे आप खुद के सपनों को पूरा कर पायेंगे।

**मकर राशि-**आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी जरूरत है। आज किसी भी तरह की लापरवाही करने आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा। किसी दूसरे शहर से सामान मंगवाना हो, तो आज इससे जुड़े निर्णय ले सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में जीवनासाथी का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ़ होगी। हर कोई आपसे अच्छा व्यवहार करेगा। आज समाज से जुड़े कार्यों को करने के लिए दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। आज ऑफिस में काम करने में आपका कोई सानी नहीं होगा। आपके जूनियर भी आपसे काम सिखना चाहेंगे। किसी काम के लिए आपको ऑफिस में अवॉर्ड भी मिल सकता है। छात्रों को आज किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**मीन राशि-** आज आपका दिन अच्छा बितेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर के साथ गुजार सकते हैं। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लॉन भी बना सकते हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आप किसी धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बन सकते हैं। किसी प्रोडेक्ट की मार्किटिंग के लिए भी दिन अच्छा है। आपकी पदोन्नति के आसार भी बन रहे हैं।

# कांग्रेस हमेशा गलत क्यों?

**हरिशंकर व्यास**

उत्तर भारत में बुरी हार के बावजूद राहुल गांधी से लेकर कमलनाथ, भूपेश बघेल, अशोक गहलोत आदि सभी अभी भी नादानी में हैं। जैसे राजस्थान को लेकर यह सोचना कि भाजपा ने सांप्रदायिक राजनीति की, राहुल गांधी-प्रियंका ने मेहनत कम की तो हार गए। कांग्रेस को ध्यान ही नहीं कि भाजपा गलत उम्मीदवारों, ज्यादा कलह, अपने बागियों की अधिकता के बावजूद बहुमत से जीती है। कांग्रेस न चुनाव लड़ते वक्त सही थी और न हारने के बाद ईमानदारी से विश्लेषण करते हुए है। तीनों राज्यों में कांग्रेस ने रेवड़ियों का खोमचा लगा कर चुनाव लड़ा। राहुल गांधी का अखिल भारतीय स्तर पर ओबीसी वोटों को रिझाने का खोमचा था। मतलब कांग्रेस है ओबीसी हितरक्षक! हम जात जनगणना कराएंगे। और राहुल गांधी का ऐसा हल्ला किसके आगे था? जन्मजात ओबीसी और बतौर पिछड़े प्रधानमंत्री के चेहरा बनाए ओबीसी के घर-घर पहुंचे हुए नरेंद्र मोदी के आगे!

तभी सोचें, राहुल गांधी और उनके सलाहकारों की मूर्खता पर! कश्मीरी पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी की विरासत संभाले ब्राह्मण राहुल गांधी के ओबीसी खोमचे पर। जिस नेहरू-गांधी परिवार ने दशकों राज किया। ब्राह्मण-फॉरवर्ड, दलित, आदिवासी और मुसलमान के कोई 60-65 प्रतिशत वोट बैंक से जिसने उत्तर भारत में लगातार विजय पाई उन इंदिरा गांधी का पोता यदि पिछड़ों को रिझाने के खोमचे से राजनीति करेगा तो क्या होगा? चुनाव में सूपड़ा साफ! इसलिए इन बातों का कोई अर्थ नहीं है कि हार के बावजूद तीनों प्रदेशों में कांग्रेस का वोट तो है।

भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में हर संभव ओबीसी राजनीति की। ओबीसी और किसान के समीकरण में चुनाव जीतने की मास्टर रणनीति बनाई। ब्राह्मण-बनियों को गैर-छत्तीसगढ़ी करार दे कर आदिवासियों को भी छत्तीसगढ़िया ओबीसी समीकरण में समेटा। इनके अलावा मुस्लिम वोटों को भी पटाए रखा! मतलब राहुल गांधी का ओबीसी खोमचा आदर्श रूप में छत्तीसगढ़ का सुपर शॉपिंग मॉल बना हुआ था। यह भी जानना चाहिए कि आधुनिक तौर-तरीकों से चुनाव प्रबंधन, सर्वे, सोशल मीडिया, प्रचार और संसाधन सभी में भूपेश बघेल और उनकी टीम भाजपा से बीस थी न कि उन्नीस!

लेकिन चुनाव नतीजा क्या? वही जो रायपुर एयरपोर्ट से उतरते ही झलकता हुआ था। मैं बार-बार लिखता हूं कि उत्तर भारत में लोगों की धड़कन बामन-बनियों की चर्चाओं से बनती है। यह सत्य नेहरू-इंदिरा गांधी के वक्त था तो नरसिंह राव, वाजपेयी, मनमोहन सिंह के समय में भी रहा। और मोदी राज में भी है। गांव चौपाल हो या बिलासपुर, रायपुर में जन मानस क्या सोचता हुआ होता है? आजादी से पहले के स्वतंत्रता आंदोलन पर विचार करें। किसने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की गूंज बनाई? ब्राह्मण-बनियों ने! किसने गांधी-नेहरू की हवा बनाई? रामजी और भागवत की कथा को बांचने वाले ब्राह्मणों ने! किसकी धुरी पर यूपी में ब्राह्मण-दलित-मुसलमान का समीकरण रहा? गोविंद वल्लभ पंत, त्रिपाठी, मिश्र, तिवारी जैसों के नेतृत्व से। याद रखें कांशीराम-मायावती ने अकेले 'तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार' या मुलायम के संग राजनीति की तो उससे कुछ नहीं बना लेकिन शंख बजवा 'हाथी नहीं गणेश है ब्रह्मा, विष्णु, महेश है' से ब्राह्मणों को पटाया तो उत्तर प्रदेश में दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम वोट बैंक बना और मायावती ने पूरे बहुमत से राज किया। मगर फिर ज्योंहि हिंदू राजनीति के आईकॉन के तौर पर नरेंद्र मोदी वाराणसी में पंडित मदनमोहन मालवीय का नाम ले कर चुनाव लड़ने उतरे तो घर-घर मोदी हो गया। ओबीसी भी ब्राह्मण-बनियों को साथ हर-हर करते हुए।

क्या मैं गलत हूं?

सचमुच उत्तर भारत की यह अमिट हकीकत है कि ब्राह्मण मंदिर-पूजा-पाठ आदि की धर्म पताका से सभी जातियों में रमा रहता है। अपनी सोच और चर्चा की चखचख (यह बात राष्ट्रीय नैरेटिव में भी लागू है) को सभी जातियों में पसारते हुए होता है। जबकि जाट, यादव, गुर्जर आदि जातियां अपनी बिरादरी, खाप, चौपाल विशेष में खुद के सरोकारों, आपसी चर्चाओं से बाहर प्रभाव फैलाए हुए नहीं होती हैं। ओबीसी जातियों में परस्पर ईर्ष्या, प्रतिस्पर्धा और खुन्नस का व्यवहार होता है तो दलित व मुसलमानों से टकराव भी बना हुआ होता है। नतीजतन अपने इलाके के दायरे के ही पंच, सरपंच, विधायक को ले कर जात अनुसार भले फैसले करें लेकिन प्रदेश और देश की राजनीति में वे उसी रौ में बहते हुए होंगे, जिसका नैरेटिव ब्राह्मण-भूमिहार-बनियों की फॉरवर्ड जमात से पैदा हुआ होता है।

इस रियलिटी को कांग्रेस भूला बैठी है। सोचें, मोदी-शाह कैबिनेट में, प्रदेशों के राजनीतिक नेतृत्व में ओबीसी चेहरों, जातियों की प्रदर्शनी लगाए बैठे हैं वहीं राहुल गांधी का प्रलाप है कि भारत सरकार के सचिवों में तीन ही ओबीसी सचिव हैं। भला भाजपा जब प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्री आदि के चेहरो में ओबीसी बैठाए हुए है, ब्राह्मण-बनिए उनकी वाह करते हुए हैं तो राहुल गांधी का ओबीसी खोमचा कैसे हिट हो सकता है। लोगों के गले उतर सकता है? राहुल गांधी व सभी मोदी विरोधियों का नंबर एक संकट है जो उनकी बात पर गांव-चौपाल, शहर में चर्चा कराने वाला, नैरेटिव बनवाने वाला ब्राह्मण-बनिया है ही नहीं। ध्यान रहे अब शहरों-महानगरों और राजधानियों में ही सियासी चक्रवात बनते हैं और गांव-कस्बों को चपेटे में लिए हुए होते है। फिर वह हिंदू-मुस्लिम का बवंडर हो या भ्रष्टाचार व महंगाई या विश्व गुरू होने का। तभी जयपुर, भोपाल, रायपुर से लेकर बिलासपुर, उदयपुर, लखनऊ, पटना आदि तमाम शहरों-महानगरों में मोदी का जादू है तो वहां से वह बस्तर, सरगुजा, मेवाड़, महाकौशल के इंटीरियर तक पहुंचा हुआ होता है। जाहिर है कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, जदयू या राजद की नियति अब हारते रहने की है। चार महीने बाद भी लोकसभा चुनावों में 2019 व 2014 वापिस रिपीट होगा। एक तरह से विपक्ष, राहुल, अखिलेश, केजरीवाल, तेजस्वी आदि सबकी नियति गलतफहमियों और अहंकार में जीने से लगातार हारने की हो गई है।

**कोरोना**

# फिर हाहाकार मचाने की तैयारी में कोरोना !

**मनोज कुमार अग्रवाल**



एक बार फिर कोरोना इंसानी स्वास्थ्य और जीवन के लिए चुनौती बन कर आ रहा है। कई देशों में कोरोना के सब वैरिएंट की आमद ने दुनिया को एक बार फिर सकते में डाल दिया है वहीं भारत में रविवार को 335 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए गए और एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 1,701 हो गई।अघयतन जानकारी के अनुसार देश में कोरोना वायरस के कारण स्थिति लगातार चिंताजनक बनती जा रही है। केरल के बाद अब दो और राज्यों में कोरोना के नए वेरिएंट छ्व्रह्.1 की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही भारत कोरोना के केस नौ दिनों के भीतर दोगुना हो गए हैं। केरल के बाद महाराष्ट्र और गोवा में नए वेरिएंट के 19 मामलों का पता लगा है। इसमें से एक मामला महाराष्ट्र का है, जबकि 18 मामले गोवा के बताए जा रहे हैं। देश में कोरोना के केस बढ़कर 2 हजार के करीब पहुंच गए हैं। जबकि 11 दिसंबर को कोरोना के मामले 938 थे। महामारी के फिर लौटने से केंद्र ने गहरी चिंता जताई है। आज इस मसले पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया सभी राज्यों के मंत्रियों के साथ बैठक करने वाले हैं।

आपको बता दें कि भारत में कोविड-19 मामलों में एक बार फिर इजाफा होने लगा है। केरल में कोविड का नया सब वैरिएंट छ्व्रह्.1 मिला है। इससे 17 दिसंबर को चार लोगों की मौत हो गई। वहीं क्कमें भी कोविड पॉजिटिव शख्स की जान चली गई। हालांकि यह पता नहीं चला है कि यह मरीज छ्व्रह्.1 वैरिएंट से संक्रमित था या नहीं।कोरोना का नया सब वैरिएंट सामने आने पर केंद्र सरकार ने राज्यों को अलर्ट रहने और टेस्टिंग बढ़ाने की सलाह दी। उधर, कर्नाटक सरकार ने 60 साल के ज्यादा उम्र के उन लोगों के लिए मास्क अनिवार्य कर दिया है, जिन्हें बुखार, कफ और खांसी आ रही है।हालांकि, केरल में स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा- चिंता की कोई बात नहीं है। हम लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

मंगलवार को एक ही दिन में कोविड के नए वैरिएंट से 5 एक साथ मौतों के बाद केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए स्वास्थ्य चेतावनी जारी की है। कोविड 19 के भीषण प्रहार से भारत की बड़ी आबादी अब भी कराह ही रही है। इस महामारी ने दुनिया के साथ भारत में भी लाखों जानें ली हैं। दुर्भाग्य से पिछले कुछ दिनों से भारत के दक्षिणी-पच्छिमी राज्यों केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र के साथ उत्तर प्रदेश में भी इसके कुछ मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक हाल में कोविड-19 के 335 नए मरीज पाए गए हैं। इसके साथ ही भारत में एक्टिव कोविड केसों की संख्या बढ़कर 1,701 हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में अभी तक कोरोना संक्रमण से 5 लोग अपनी जान गवां चुके हैं, जिनमें से 4 मरीज केरल से थे और एक उत्तर प्रदेश का है। केरल में कोरोना के नए उप-संस्करण जेएन. 1 के संदिग्ध मामले सामने आए हैं। केरल के पड़ोसी राज्य कर्नाटक और महाराष्ट्र में भी कुछ मरीजों की पहचान हो चुकी है। पीछे देश में कुल कोविड केस लोड 4.50 करोड़ था। जबकि संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4.46 करोड़ है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोविड की राष्ट्रीय रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत आंकी गई है। जबकि इससे अब तक 5,33,316 लोगों की मौत हो चुकी है और इस मामले में मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। बात करें वैक्सीनेशन की तो स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर मौजूद आंकड़ों के मुताबिक अब तक देश में कोविड-19 वैक्सीन की 220.67 करोड़ खुराकें दी जा चुकी है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय सार्स कोविड 2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम की चल रही नियमित निगरानी गतिविधि के हिस्से के रूप में केरल में कोविड 19 के उप-संस्करण खठ. 1 का मामले पाए गए। पीड़ितों में इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी आईएलआई के हल्के लक्षण थे। इनमें से ज्यादातर कोविड- 19 से उबर चुके हैं। हालांकि केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के मुताबिक राज्य में पाया गया कोविड-19 उप- संस्करण जेएन. 1 चिंता का कारण नहीं है। नया कोविड वैरिएंट के उप-वेरिएंट का पता महीनों पहले भारतीय यात्रियों में लगाया गया था, जिनकी सिंगापुर हवाई अड्डे पर जांच की गई थी। चिंता की कोई बात नहीं है। यह एक उप-संस्करण है। महीनों पहले इस संस्करण को कुछ भारतीयों में पाया गया था जिनकी सिंगापुर हवाई अड्डे पर जांच की गई थी। यह सिर्फ इतना है कि केरल ने यहां जीनोम अनुक्रमण की पहचान की है और स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की। केरल सरकार ने चेतावनी जारी की है कि जिन लोगों को अन्य गंभीर बीमारियां हैं, उन्हें ज्यादा सावधान रहना चाहिए। वास्तव में सावधानी रखने की जरूरत केवल केरल जैसे कुछ राज्यों को ही नहीं, उप्र जैसे राज्य को भी है जहां अगले महीने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीरामलला के नवनिर्मित मंदिर के उद्घाटन में पूरे भारत से लाखों लोग जमा हो रहे हैं जो कोविड के नए वैरिएंट के हमले को देखते हुए खतरनाक हो सकता है। इसके बाद देश में आम चुनाव भी हैं। भले कोविड का खतरा बहुत गंभीर न हो लेकिन इसके इतिहास को देखते हुए सावधानी रखने की जरूरत है।वहीं सरकारी सूत्रों ने दावा किया है कि भारतीय वैक्सीन कोरोना के ने वेरिएंट का मुकाबला करने में सक्षम है। भारत ने कोरोना की बड़ी कीमत चुकाई है ऐसी स्थिति में सरकार समेत सब की जिम्मेदारी बनती है कि वह समय रहते जागरूकता अपनाएं तथा सभी जरूरी बचाव उपायों को अपनाकर आने वाली चुनौतियों के सामने कई तैयारी करनी चाहिए। यह जीवन बचाने के लिए एक जरूरी शर्त है।

## व्यंग्य

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

कहते हैं काटने वालों से प्रेम की अपेक्षा चिलमिलाती गर्मी में बारिश की प्रतीक्षा करनी जैसी है। जिस तरह दाँतों की बत्तीसी में काटने, कुतरने और चबाने के दाँत अलग होते हैं, ठीक उसी तरह शहर में काटने, कुतरने और चबाने वाले किस्म के बाहुबलियों की भरमार है। नए कमिश्नर के बारे में सुनते ही ये सारे बाहुबली दाँत कमिश्नर रूपी जीभ को अपना गुण बताने लगे। मसलन काटने, कुतरने और चबाने की उनकी सिद्धहस्तता जनाब जीभ को कितना नुकसान पहुँचा सकती है। अनजान गली में घुस आने वाले कुत्ता और बाहुबलियों के बीच कमिश्नर दोनों की दशा एक सी थी। कुछ बाहुबलियों ने कमिश्नर के गले में फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही हिदायत दी कि यह फूल तब-तक स्वागत फूल हैं जब तक कमिश्नर का व्यवहार उनके अनुकूल रहेगा। उन्नीस-बीस होने पर यही फूल मैयत पर चढ़ाई जाने वाली माला बनकर उनके फोटो की शोभा बढायेगी। इतना कहते हुए बाहुबली वहाँ से चल दिए। यह सब देख वहाँ आए शहर के सभी सब इंस्पेक्टरों ने इशारों-इशारों में उन्हीं पानी की तरह बनने की सलाह दे डाली। कहा - यह शहर एक गिलास है और आप पानी। जब तक तरल है, तब तक आपके लिए सब सरल है। ठोस बनने की कोशिश की तो तोड़ दिए जाओगे। वैसे छोटे बड़ों को उपदेश नहीं देते, लेकिन जब बात दुनियादारी की है, तो जिधर से मिले उधर से ले लेने में भलाई है। कमिश्नर को भी लगा कि ठोस बनकर कुटवाने से अच्छा तरल बनकर घुल-मिल जाने में भलाई है। कमिश्नर यही सब कुछ सोच रहा था कि उसकी नजर एक ऐसे सब-इंस्पेक्टर पर पड़ी जो बाकियों से जुदा था।



कमिश्नर ने उसे पास बुलाकर पूछा - तुम इन सबकी तरह कुछ सलाह नहीं देना चाहोगे? उसने झिझकते हुए कहा - साहब! मेरी सोच इन सबसे अलग है। मैं कुछ कहूँगा तो आप बुरा मान जायेंगे। कौओं के बीच कोयल के चुप रहने में ही भलाई है। मैं चावल में कंकर नहीं बनना चाहता। कमिश्नर के बार-बार आग्रह करने पर उसने कहा - साहब! मैंने अब तक की मेरी ड्यूटी में हराम का एक रुपया नहीं खाया। अपना भोजन भी घर से लाता हूँ। रिश्वत से कोसों दूर रहता हूँ। यही कारण है कि कोई मुझे डराना तो दूर मेरे पास फटकने का साहस भी नहीं करता। ऐसे व्यवहार से स्थानांतरण हो सकते हैं लेकिन आपके आत्मसम्मान को कोई ठेस नहीं पहुँचा सकता। कमिश्नर उसकी बातें सुन हँसकर रह गया। अगले दिन उस ईमानदार सब इस्पेक्टर का स्थानांतरण ऐसे दूर-दराज इलाके में कर दिया गया जहाँ से उसकी आवाज़ वह चाहकर भी नहीं सुन सकता था। कमिश्नर दाँतों के बीच जीभ बनकर घुलमिल चुका था।

## सर्दियों में हर दिन खाएंगे दही तो शरीर पर होगा कुछ ऐसा असर!

सर्दियों में दही खाना चाहिए या नहीं? इस बात को लेकर अक्सर डिबेट बना रहता है. सर्दियों में दही खाने का है यह खास तरीका. हमने यह समझने का फैसला किया कि सर्दियों के मौसम में जब आप हर दिन दही खाते हैं तो शरीर पर क्या होता है, कई लोग आपको इसे छोड़ने की सलाह देते हैं. किरण कुकरेजा, एक पोषण विशेषज्ञ ने इंस्टाग्राम पर साझा किया कि इस धारणा के विपरीत कि दही ठंडा होता है, यह गर्म होता है और शरीर पर गर्म प्रभाव डालता है. आप इसे अपने शीतकालीन आहार में शामिल कर सकते हैं क्योंकि यह कड़ाके की ठंड से राहत देता है. इसके अतिरिक्त, इसे आहार में शामिल किया जाना चाहिए।

## एक नजर

### राजमार्ग-30 पर नक्सलियों ने तीन वाहनों में लगाई आग



**सुकमा 21 दिसंबर।** आशिरगुड़ा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर नक्सलियों ने किया उत्पात एक यात्री बस समेत तीन वाहनों में की आगजनी सभी यात्री सुरक्षित इंजरम पहुंचे इलाके में दशरथ का माहौल घटना के बाद मौके पर पहुंचे सुरक्षा बलों के द्वारा इलाके में की जा रही सर्चिंग सुकमा कोंटा मार्ग में सुरक्षा कारणों से आवाजाही बंद 15 से 20 की संख्या में पहुंचे थे नक्सली संगम सदस्य भी घटना में रहे मौजूद।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए पेंशन समाधान शिविर 27 दिसम्बर से

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 दिसम्बर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्डों में जिला कोषालय द्वारा सेवानिवृत्त एवं मृत शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों के समाधान के लिए पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत चारामा के सभाकक्ष में आगामी 27 दिसम्बर को, उप कोषालय अंतागढ़ में 03 जनवरी 2024 को, भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल के लिए जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के सभाकक्ष में 05 जनवरी को, उप कोषालय कार्यालय पखांजूर में 10 जनवरी को, जिला कोषालय कार्यालय कांकेर में 12 जनवरी को और नगर पंचायत कार्यालय नरहरपुर के सभाकक्ष में 17 जनवरी 2024 को पेंशन समाधान शिविर का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी ने उक्त तिथि अनुसार संबंधित कार्यालय के पेंशन लिपिक अथवा उत्तरदायी अधिकारी-कर्मचारी लंबित पेंशन प्रकरण दस्तावेज सहित शिविर स्थल में उपस्थित होना सुनिश्चित करने कहा है। ऐसे पेंशनर एवं परिवार पेंशनर जिनकी पेंशन राशि बैंकों से प्राप्त नहीं हो रहा है, वे भी समाधान शिविर में आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

### भखारा में संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**अंवरी 21 दिसंबर।** नगर पंचायत भखारा वार्ड क्रमांक - 1 मे बघवा परिवार द्वारा आयोजित राधेश्याम निषाद के प्रांगण मे 15 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक भागवत कथा का आयोजन किया गया है! जहाँ निरंतर 1बजे से संध्या 6 बजे तक प्रवचनकर्ता संजय दुबे के मुखारबिंद से श्री मद भगवत कथा गाथा अविरल रुप से श्रवण करने का अवसर नगर के जनमानस को मिल रही है7 भखारा के रामायणी लीलाराम निषाद ने चर्चा मे बताया की बहुत सुन्दर व्याख्यान, सुमधुर भजनो गीत संगीत के साथ भगवान की कथा निरंतर कथा पंडाल मे प्रवाहित हो रही है और नगर भठेली भखारा के श्रद्धालू श्रोता दीर्घा को भगवान की कथा को सुनकर अपनी जीवन मे आत्मसात करने का निवेदन किया है 7 कथा वाचक संजय दुबे ने कहा की भागवत पुराण हिन्दुओं के अट्ठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद्भागवतम् या केवल भागवतम् भी कहते हैं। इसका मुख्य वर्ण्य विषय भक्ति योग है, जिसमें कृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरुपण भी किया गया है। अवश्य हीं भगवत कथा का रसपान सबको करना चाइये,अपार श्रोताओ के बीच निरंतर कार्यक्रम संचालित हो रही है,और नगर पंचायत भठेली भखारा के सभी जनमानस कथा का आनंद लें रहे है ।

### संयुक्त सचिव ने किसानों को आधुनिक खेती अपनाने की दी समझाईश

**धमतरी 21 दिसम्बर।** संयुक्त सचिव भारत सरकार श्री पंकज बोड़खे आज अपने धमतरी प्रवास के दौरान धमतरी विकासखंड के ग्राम जंवरगांव में किसानों को आधुनिक कृषि की ओर अग्रेषित करने ड्रोन के माध्यम से खेतों में दवाई छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान श्री बोडखे ने गांव के किसानों से चर्चा की और किसानों द्वारा लगायी गयी फसल, पानी की व्यवस्था, फसल में लगने वाला समय, फसल से प्राप्त आय आदि के बारे में पूछा। किसानों ने भी उत्साहित होकर जवाब दिया। किसानां ने कहा कि आश्चर्य की बात है कि अब ड्रोन का उपयोग कृषि कार्यो में भी होने लगा है। ड्रोन के माध्यम से खेतों में बीजों और दवाओं के छिड़काव में भी कम समय लगता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे ग्रामीण

## कार्यक्रम में जनसामान्य को योजनाओं के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी, संयुक्त सचिव और कलेक्टर ने विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में स्टालों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 21 दिसंबर।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के वनांचल ग्रामों में पहुंचकर लोगों को निरंतर जागरूक कर लाभांवित किया जा रहा हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिले के 06 ग्रामों में आयोजित कार्यक्रम में लोगों के मध्य उत्साह दिखा।कार्यक्रम का आयोजन ग्राम कोर्रा, रामपुरम, पुसपाल, चितलनार, आरगट्टा और मनिकोंटा में किया गया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सुकमा जिले के लिए केंद्र द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी, श्री ई श्रीनिवास संयुक्त सचिव, डीपीआईआईटी (डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड) शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रचार वैन का स्वागत ग्रामीणों द्वारा उत्साह और आत्मीय व्यवहार और पारंपरिक गेड़ी नृत्य से स्वागत देखकर उनकी



प्रशंसा की। संयुक्त सचिव श्रीनिवास ने कहा कि यहां की जनता की बढ़-चढ़कर भागीदारी ने सभी का उत्साह बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक केन्द्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। आमतौर पर लोगों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए कार्यालय तक जाना पड़ता है। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार स्वयं आपके द्वार तक पहुंची है तथा इस अवसर का लाभ अधिक से अधिक उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है। जो भारत देश को विकसित देश बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करते हुए सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को पहुंचाने की दिशा में यह कार्य प्रारंभ किया है। इसके तहत सभी पात्र हितग्राहियों को महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी गांवों को विकसित बनाने तथा कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न हो इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनसामान्य को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसका संयुक्त सचिव श्री ई श्रीनिवास तथा कलेक्टर श्री हरिस.एस ने स्टॉलों का निरीक्षण किया और यहां दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। यहां कृषि के साथ ही पशुपालन, केसीसी बनाने का कार्य किया जा रहा था। इसके साथ ही चिकित्सा विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा था। प्रधानमन्त्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नवीन राशन कार्ड और राशन कार्ड में संशोधन के लिए आवेदन लिया गया।

इसके साथ ही मधुमेह, रक्तचाप, एनीमिया, टीबी, सिकलसेल, एनसीडी जांच आदि की जांच करने के साथ ही दवाई भी वितरित की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में रेडी-टू-ईट से निर्मित विभिन्न पकवानों का प्रदर्शन किया गया था। पशुपालन विभाग के स्टॉल में पशुपालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने तथा पशुओं के उपचार के लिए औषधि वितरण किया गया। इस अवसर पर यहां उपस्थित ग्रामीणों ने विकसित भारत के निर्माण की शपथ ली। इसके साथ ही यहां धरती कहे पुकार के नृत्य नाटिका के माध्यम से धरती को जैविक कृषि के माध्यम से उर्वरक बनाने का संदेश दिया गया।

# केंद्रीय विद्यालय के मैदान में खेल दिवस का शुभारंभ

■ **छात्रों को एसपी किरण चव्हाण ने सफलता पाने के बताये टिप्स**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 21 दिसंबर।** केंद्रीय विद्यालय सुकमा में बुधवार, 20 दिसंबर को खेल दिवस का आयोजन हुआ। खेल दिवस का शुभारंभ सुकमा जिला पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण के द्वारा किया गया। विद्यालय खेल मैदान में आयोजित समारोह में विद्यालय स्काउट-गाइड द्वारा उन्हें गरिमामय गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य बी. मजूमदार ने पुष्पगुच्छ से मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथिगण का विद्यालय समारोह में स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री किरण चव्हाण एवं विशिष्ट



अतिथियों ने खेल दिवस की परेड और मार्च पास्ट का अवलोकन किया। समारोह में निधीश ठाकुर, कुशाग्र पांडेय और शिफा शेख ने खेल दिवस की मशाल और मार्च पास्ट का नेतृत्व किया। सीआरपीएफ बटालियन से रुचि जैन, अभिभावक सदस्य विनोद सिंह राठौर खेल उत्सव में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को उद्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से अनुशासन की भावना का विकास होता है। संबोधन में उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के स्कूली अनुभवों को भी साझा किया।

उद्घाटन में विद्यालय संगीत शिक्षक आनंद शर्मा के सानिध्य में विद्यालय की बालिकाओं ने विभिन्न राजस्थानी नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। दिनभर चलने वाले उत्सव में शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार के निर्देशन में छोटे बच्चों के लिए रिले दौड़, रस्साकसी, जलेबी दौड़ का आयोजन किया। समापन पर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने विजित प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हिंदी शिक्षक बी.पी. साहू और मनीष शर्मा ने मंच संचालन किया। वरिष्ठ शिक्षक दिनेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अवैध रेत परिवहन में उपयोग किए जा रहे 7 वाहन जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 दिसम्बर ।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाकर निरंतर वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में खनिज अधिकारी एवं एसडीएम कांकेर द्वारा 19 एवं 20 दिसम्बर को औचक निरीक्षण कर अवैध रेत परिवहन में संलिप्त वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। खनिज विभाग की टीम द्वारा जिले के कांकेर एवं नरहरपुर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान गौण खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर 07 वाहनों को जब्त किया गया है। जब्त किए गए वाहनों में से 04 ट्रैक्टर को परतापुर थाना, 01 ट्रैक्टर को पखांजूर थाना तथा 02 ट्रैक्टर को कलेक्टोरेट परिसर में रखा गया है। खनिज



विभाग द्वारा जब्त किए गए वाहनों में सीजी 19 बीके 6516, सीजी 19 बीक्यू 1939, सीजी 19 बीएन 8123, सीजी 19 बीक्यू 0720 सहित 03 सोल्ड ट्रैक्टर शामिल है। उपरोक्त वाहनों के मालिकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया था कि बिना अभिवहन पास के खनिजों का परिवहन करना दण्डनीय अपराध है।

### चलित वैन के जरिए ग्रामीण अवगत हो रहे शासन की योजनाओं से

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 दिसम्ब।** विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत आज जिले के नरहरपुर विकासखंड के गांव धनोरा एवं सारवंडी और संबलपुर एवं करमोती में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम स्थल में ही विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाकर कई हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा बी-वन, नक्शा खसरा का भी वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी शिविर लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और नि:शुल्क औषधि का वितरण भी किया गया। इस दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत आयुष्मान भारत, उज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपनी कहानी साझा किए।

# फैक्ट्री का ताला तोड़कर लोहे का सामान चुराने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 21 दिसंबर।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र फैक्ट्री का ताला तोड़कर लोहे का सामान पार करने वाला चार युवक और दो अपचारी बालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 457, 380, 411,34 के तहत जुर्म दर्ज किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( क्राइम ) डॉ अनुराग झा ने बताया कि हथखोज इंडस्ट्रीज एरिया गुप्ता मिनरल और सतगुरु फैक्ट्री से लोहे का चैनल प्लेट, कटिंग मशीन, वेल्डिंग मशीन, ग्राइडिंग व बिजली उपकरण चोरी होने की शिकायत हुई थी। भिलाई तीन पुलिस और एसीसीयू की टीम ने आरोपियों को पकड़ने में जुटी रही। पुलिस ने सीसी कैमरे को चेक किया गया। जिसमें कुछ युवक संदिग्ध किस्म के लग रहे थे। पुलिस ने युवकों



को संदेह के आधार पर पकड़कर पूछताछ किया। आरोपियों ने अपना नाम पदुम नगर भिलाई तीन निवासी लुकमान अहमद, हथखोज भिलाई तीन साहिल यादव, शीतला पारा हथखोज यश कुमार, संदीप कुमार और दो अपचारी बालक होना बताया। आरोपियों ने उक्त लोहे के सामान को गुप्ता मिनरल का पांचो व सतगुरु का सामान लुकमान कबाड़ी के पास बेचना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का सामान बरामद किया है। उक्त सामानों को की कीमत 1.50 लाख रुपए आंकी गई है कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल, निरीक्षक संतोष मिश्रा व भिलाई - 3 टीआई मनीष शर्मा सउनि शमित मिश्रा, प्र.आर. सगीर खान, चन्द्रशेखर बंजीर आरक्षक रिन्कू सोनी, अरविन्द मिश्रा, डी प्रकाश, राकेश अन्ना, गुनित निर्मलकर, भावेश पटेल, विक्रांत यदु एवं भिलाई - 3 से सउनि गोरखनाथ चौधरी, आरक्षक संदीप सिंह, कृष्णा सिंह, अरविन्द मेड़े, हरीश राव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे ग्रामीण

# जिले की 17 ग्राम पंचायतों में पहुंचा केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार वाहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 21 दिसंबर।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के वनांचल ग्रामों में पहुंचकर लोगों को निरंतर जागरूक कर लाभान्वित किया जा रहा हैं। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में बुधवार को जिले के 17 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के मध्य उत्साह दिखा। जिले के बकावंड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छोटेदेवड़ा-1 एवं छोटेदेवड़ा-2 और ढोडरेपाल,बास्तानार ब्लॉक के छोटे किलेपाल, कुम्हार साडरा एवं साडरा बोदेनार,बस्तर ब्लॉक के मुण्डापाल एवं घाट कवाली,जगदलपुर विकासखण्ड के कैकागढ़-2 एवं हाटपदमुर,लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के सुरगुड़ा एवं तोयर, तोकापाल विकासखण्ड के कलेपाल एवं



केशलूर और दरभा विकासखण्ड के मावलीपदर-1, टोपर एवं मावलीपदर-2 में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तोकापाल ब्लॉक के कलेपाल ग्राम पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे और जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित पंचायत पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे ने कहा कि यहां के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने के साथ ही सभी का उत्साह बढ़ाया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों तक केन्द्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुरूप भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करते हुए सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को पहुंचाने की दिशा में यह कार्य प्रारंभ किया है। इसके तहत सभी पात्र हितग्राहियों को महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों तक यह संकल्प यात्रा जाएगी और केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी से अवगत करवाने के साथ ही कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न हो इसके लिए छूटे हुए पात्र जरूरतमंदों को लाभान्वित किये जाने सार्थक प्रयास किया जाएगा। इस अवसर कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनसामान्य को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया।

## समाचार संक्षेप

### क्षेत्र की जनता में दहशत फैलाने वाले आतंकी हैं नक्सली:फ़ारूख अली

**सुकमा 21 दिसंबर।** नक्सलियों द्वारा 22 दिसंबर भारत बंद आह्वान के दो दिन पूर्व बीते रात बीजापुर, सुकमा सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश चट्टी के पास आगजनि कर आमजन के साथ मारपीट की गई ।नक्सल विरोधी विचारक फ़ारूख अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नक्सलियों पर बड़ा आरोप लगाया है,फ़ारूख अली ने कहा नक्सली जनता के दुश्मन हैं इस बात को बीते रात साबित कर दिया आमजन की गाड़ियों को आग के हवाले किया जनता के पैसे मोबाईल लूटकर उनके साथ बेहरहमी से मारपीट किया। फ़ारूख अली ने नक्सलियों से सवाल करते हुए कहा बंद का आह्वान 22 दिसंबर का करके फिर जनता के साथ 20 दिसंबर को मारपीट करके उनकी वाहन को क्यों जलाया? फ़ारूख अली ने कहा नक्सली झूटे और लुटेरे हैं इसी लिए राहगीरों से मारपीट करके उनसे लूटपाट किए,सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र मे सड़क निर्माण मे वाहनों को आगज़नी करके मज़दूरों के साथ मारपीट करके उनके मोबाईल लूटे, नक्सली झूटे इसी लिए हैं क्यों की नक्सली कहते हैं वो जनता के अधिकार की लड़ाई लड रहे हैं और उनको ही परेशान करते हैं,नक्सलियों ने जब बस मे आगज़नी की तब कई महिलाएँ बच्चे रहे वो डरे सहमे से कैंप तक पैदल चल कर गये जवानों ने यात्रियों की मदद की। नक्सलियों को पता है उनका अस्तित्व ख़तरे मे पड़ गया है,इसी लिए बौखलाहट मे जनता पे हमला करना लूटपाट करना शुरू कर दिये। फ़ारूख अली ने जनता से अपील की है के जनता के दुश्मन नक्सलियों का विरोध करो और 22 दिसंबर भारत बंद का बहिष्कार करो।

### युवक को कार से घसीटने वाला गिरफ्तार



**भिलाई 21 दिसंबर।** कार की खिड़की में फंसाकर लगभग 3 किलोमीटर तक युवक को घसीटने वाले दोनों आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है आरोपियों के खिलाफ धारा 279, 294, 306, 307, 337 के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है वहीं चार पहिया वाहन को भी जप्त किया है प्रार्थी पलास चंद्राकर ( 20 वर्ष ) पिता लक्ष्मीकांत चंद्राकर निवासी वार्ड नंबर 5 गया नगर ने 18 दिसंबर को दुर्ग सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर कहीं जा रहा था। इसी दौरान पटेल चौक पर स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 04 एन जे 5437 का चालक एवं उसका साथी तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए

मोटरसाइकिल को ठोकर मार दिए। इससे प्रार्थी को चोटे आई। जब प्रार्थी पलास चंद्राकर कार में बैठे दोनों व्यक्तियों के पास गया और उन्हें इस तरह कार चलाने का विरोध किया तब आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी का हाथ खिड़की से अंदर की ओर खींच लिया तथा खिड़की के कांच को ऊपर चढ़ा दिया। इसके बाद ड्राइविंग सीट पर बैठा आरोपी तेजी से कार को आगे बढ़ा दिया। दोनों ही आरोपी जान से खत्म करने की धमकी देते हुए गाड़ी को तेज रफ्तार से भगाने लगे हाथ फंसा होने के कारण प्रार्थी कार में लटका रहा आरोपी गाड़ी को तेज रफ्तार से भागते हुए रोड के किनारे लगे इलेक्ट्रिक पोल या दीवार से प्रार्थी को टकराने की कोशिश करते रहे दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि लगभग 3 किलोमीटर कार चलाने के बाद आरोपियों ने नयापारा रोड की ओर अमर हाइट्स बिल्डिंग में गाड़ी को घुसा दिए और चालक आरोपी जहीरूद्दीन मौके से फरार हो गया वहीं उसका साथी लोकेश मरकाम (20 वर्ष) पिता छबिलाल मरकाम निवासी तारालीम थाना बेरला कार में ही बैठा रह गया लोगों ने चारों तरफ से कार को घेर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी लोकेश मरकाम को पकड़ लिया, वहीं कार को भी जप्त कर लिया फरार आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई थी आरोपी जहीरूद्दीन (32 वर्ष) पिता अकीमुद्दीन निवासी तारालीम थाना बेरला हाल मुकाम कमल चौक रामेश्वर नगर भनपुरी रायपुर को भी गिरफ्तार कर लिया गया।



**सुकमा 21 दिसंबर।** गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज ने निकाला जुलूस। शांति एवं प्रेम का श्री गुरु घासीदास जी ने दिया था संदेश। सतनामी समाज द्वार नारी के सम्मान,शांति एवं मांस एवं मदिरा का त्याग करने के पैग़ाम देकर निकाला शांति जुलूस। सुकमा नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकला सतनामी समाज का जुलूस।

## एक नजर

### ग्राम पीपरछेड़ी की दिव्यांग तुलसी बाई का आमरण अनशन समाप्त

**राजिम /फिगेंश्वर 21 दिसंबर।** गरियाबंद जिले के राजिम तहसील अंतर्गत ग्राम पिपरछेड़ी निवासी दिव्यांग श्रीमती तुलसी साहू द्वारा जमीन संबंधित विवाद से परेशान होकर वे कलेक्टर जनचौपाल में पहुंची थी, इस प्रकरण पर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने राजस्व अधिकारी को आवश्यक कारवाई करने के निर्देश दिए थे। श्रीमती तुलसी साहू ने महासमुंद जिले के बिरकोनी में जाकर पूर्व में आमरण अनशन पर बैठ गई थी। राजिम एसडीएम श्री धनंजय नेताम ने बताया कि इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल उनके वास्तविक रकबे का दस्तावेज तहसीलदार, आरआई और पटवारी से मंगाकर जांच की गई। जिसमें उनका रकबा 4रा का त्रुटि होने पर नकल के प्रकरण पेंडिंग था। उसे सुधार किया गया। जिसे लेकर महासमुंद के राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा उन्हें उनका वास्तविक दस्तावेज की कापी दिखाकर जानकारी दी गई और उन्हे अनसन समाप्त करने का आग्रह किया गया। इस पर श्रीमती साहू राजी हुई, इस दौरान उन्हें अधिकारियों द्वारा जूस पिलाकर उनका आमरण अनशन समाप्त कराया गया।

### नए कोराना वायरस के संबंध में सीएमएचओ ने जारी की गाइड लाइन

**रायगढ़, 21 दिसम्बर।** भारत के केरल राज्य में नए कोराना वायरस (जेएन-1) का फैलाव होने के कारण सीएमएचओ डॉ.आर.एन.मण्डावी ने गाईड लाईन जारी की है। उन्होंने बताया कि राज्य में कोविड बीमारी नियंत्रण में है अनावश्यक घबराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु सावधानी बरतना आवश्यक है। पूर्व में जारी कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों तथा कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे मास्क लगाना, साबुन से हाथ धोना, सेनेटाईजर का उपयोग करना, सोशल डिस्टेसिंग अपनाये, संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखना इत्यादि नियमों का पालन करें। सर्दी, खांसी, बुखार या स्वांस में तकलीफ होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल रायगढ़, मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में उपस्थित होकर जांच एवं उपचार कराने हेतु आग्रह किया है।

### ऑनलाइन आरटीई पोर्टल में कार्य संपादित करने समय-सारिणी जारी

**रायगढ़, 21 दिसम्बर।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन/भर्ती की कार्यवाही की जानी है। पूर्व में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया एवं ऑनलाईन पद्धति के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए है। इस संबंध में अधिनियम के प्रावधान अंतर्गत नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण, मान्यता संबंधी कार्यवाही पूर्ण करना, आरक्षित सीटों का निर्धारण, प्रवेश एवं सूचना हेतु आवेदन प्राप्त करना, आवेदन पत्रों की समीक्षा तथा प्रचार-प्रसार, आबंटन प्रक्रिया एवं शुल्क की प्रतिपूर्ति व प्रक्रिया हेतु इस वर्ष भी प्रवेश के संबंध में समय-सारिणी जारी किया गया है। 1 से 28 फरवरी 2024 तक जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाना है। इसी तरह छात्र पंजीयन (आवेदन)1 मार्च से 15 अप्रैल 2024, नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 18 अप्रैल से 17 मई 2024, लॉटरी एवं आबंटन 20 मई से 30 मई 2024 एवं स्कूल दाखिला प्रक्रिया 1 से 30 जून 2024 तक किया जाना है। 15 से 30 जून 2024 तक जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाना है। इसी तरह छात्र पंजीयन (आवेदन)1 से 8 जुलाई 2024, नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेज की जांच 9 से 15 जुलाई 2024, लॉटरी एवं आबंटन 17 से 20 जुलाई 2024, स्कूल दाखिल प्रक्रिया 22 से 31 जुलाई 2024 एवं वर्ष 2023-24 हेतु ऑनलाईन दावा प्रक्रिया 1 से 30 अगस्त 2024 तक किया जाना है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा:बेटे के लिए आयुष्मान कार्ड बना वरदान

**लाभार्थी 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' के माध्यम से साझा कर रहे अनुभव**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़, 21 दिसम्बर।** केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प विकसित यात्रा की शुरूआत की गई है। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की कड़ी में आज जिले के विकासखण्ड धरमजयगढ़ के सिसरिंगा एवं सोहनपुर, घरघोड़ा के कुडुमकेला एवं पुसल्दा, रायगढ़ के कोतरलिया एवं कोटमार तथा तमनार के गारे एवं सराईटोला में शिविर का आयोजन किया गया। जहां संकल्प यात्रा वैन के माध्यम से विभिन्न ग्राम पंचायतों में लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। केन्द्र शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था। जिसके माध्यम से संबंधित विभाग में चल रही योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई तथा योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित कारीछपर निवासी श्रीमती गंगा सिदार ने कहा कि मेरा बेटा तीन से चार माह का था तब अचानक तबीयत खराब होने से उसे रायगढ़ के निजी चिकित्सालय में ईलाज करवाने से बीमारी का पता चला और डॉक्टरों ने राजधानी के अस्पताल में इलाज करवाने की सलाह दी। लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज करा पाने में दिक्कत हो रही थी। डॉक्टरों ने बताया की आयुष्मान कार्ड से मुफ्त में इलाज हो जाएगा। तब मैंने बेटे सहित पूरे परिवार का आयुष्मान कार्ड बनवाया। यह कार्ड मेरे बेटे के ईलाज के लिए वरदान साबित हुआ और बेटा स्वस्थ है। इस मुश्किल वक्त में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से आर्थिक सहायता मिलने पर उन्होंने शासन को धन्यवाद दिया है। केसीसी से लाभान्वित कोतरलिया निवासी ललित कुमार पटेल ने बताया की केसीसी के माध्यम से उन्होंने टारपाली सोसाइटी से 21 हजार रुपए का नगद एवं 15 हजार तक का खाद बीज की खरीदी की हैं, इससे मुझे खेती किसानी में काफी सहयोग मिला हैं, केसीसी से बिना ब्याज के राशि मिलता हैं। यह शासन की बहुत अच्छी योजना इससे अन्य लोगों से ब्याज से पैसा लेना नहीं पड़ता है। इसी प्रकार पीएम उज्जवला योजना की लाभार्थी कोटमार निवासी श्रीमती शीलावती निषाद ने बताया कि पहले चूल्हा से खाना बनाते थे, जिसके लिए लकड़ी की आवश्यकता होती हैं। लेकिन अब पीएम उज्जवला योजना से गैस मिलने से अब धुआं से राहत मिली और समय की बचत हो रही हैं इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का वैन कल 21 दिसम्बर को जिले के इन गांवों में पहुंचेगी।

जहां केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इनमें धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-डोडागांव एवं रैरूमाखुर्द, वि.ख.घरघोड़ा के ग्राम-बरौद एवं फगुरम, वि.खं रायगढ़ के बेलरिया एवं महापल्ली, वि.ख.तमनार के कोडकेल एवं कुंजेमुरा शामिल है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभार्थियों का पंजीयन किया जा रहा है इसके तहत चयनित योजनाओं में आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय क्षय रोग निर्मूलन कार्यक्रम, के अलावा जिन स्थानों पर मोबाईल वैन द्वारा वहाँ स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे है, जहाँ एनसीडी एवं सिकल सेल की जांच व उपचार हो रहा है। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान कार्ड का निर्माण एवं वितरण, आयुष्मान एप का उपयोग करके यात्रा के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, ऑन स्पॉट टीबी स्क्रीनिंग, निक्षय पोषण योजना, सिकल सेल की जांच की जा रही है।

# सभी राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी अपडेशन जल्द करायें पूर्ण:कलेक्टर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 21 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने समय-सीमा की बैठक में जिले में एपीएल, बीपीएल सभी प्रकार के राशन कार्डधारियों के ई-केवाईसी का कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। इसके लिए उन्होंने सभी अनुभागवार एसडीएम के साथ पीडीएस दुकान संचालकों की मीटिंग लेकर कार्य जल्द पूर्ण कराने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री गोयल ने उप संचालक पशुपालन विभाग से कहा कि खुले में सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधने का अभियान निरंतर रूप से जारी रखें तथा इसके नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जिससे सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम में मदद मिले। उन्होंने पशुपालकों को भी इस संबंध में जागरूक करते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने ईई पीएमजीएसवाय को खनिज विभाग से समन्वय करते हुए नदी रेत घाटों के समीप वाली सड़कों में कम ऊंचाई के बेरियर लगाने का काम जल्द पूरा करने के निर्देश देते हुए अगली बैठक में इसकी समीक्षा की बात कही। जिले में चल रही धान खरीदी को लेकर समीक्षा की। खाद्य अधिकारी ने बताया कि समितियों में खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर श्री गोयल ने खरीदी केन्द्रों में व्यवस्थाओं को लेकर लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने जन औषधि केंद्र के संचालन के संबंध मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि इसके लिए विभाग द्वारा अनुज्ञप्ति जारी कर दी गई है। कलेक्टर श्री गोयल ने शासकीय तथा अशासकीय संस्थाओं में लैंगिक उत्पीड़न शिकायत करने के लिए समितियों के गठन के अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है सभी संस्थाओं में इस समिति का गठन जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए। कलेक्टर श्री गोयल ने खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर लगातार निगरानी व कार्यवाही के निर्देश खनिज अधिकारी को दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि आगामी 25 दिसम्बर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसके लिए शासन स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी पंचायतों में तैयारी करने व स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ देने के निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 21 दिसंबर।** समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर प्रभात मलिक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में समीक्षा की। साथ ही 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाने के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में लगाए जा रहे शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, केसीसी, उज्ज्वला गैस, पेंशन, राजस्व एवं श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का मौके पर ही लाभ देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने शिविर में लगाए गए स्टॉल में लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी निर्धारित पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य योजनाओं की प्रभावी तरीके से जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही उसका जरूरतमंदों को लाभ देने के लिए है। कलेक्टर मलिक ने आयुष्मान कार्ड अंतर्गत ग्राम पंचायतवार सूची बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह किसान क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, उज्ज्वला गैस योजनाओं का भी ग्राम पंचायतवार सूची के अनुरूप हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उन्हें लाभ देना सुनिश्चित करें। सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि संबंधित ग्राम पंचायत में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं हैं। इसी तरह टीबी, सिकल सेल और एनीमिया जांच के लिए शिविर स्थल में ही सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में अधिक से अधिक मरीजों की जांच की जाए। राजस्व अधिकारियों को प्रत्येक शिविर में पटवारी एवं आरआई के ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर में ही सीमांकन, नक्शा बटांकन, खसरों का डिजिटल सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। श्रम विभाग को अधिक से अधिक श्रमिक कार्ड बनाने कहा गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत भी हितग्राहियों को आवेदन कर लाभ देने कहा गया है। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगे शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों के विचार को साझा करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा कलेक्टर ने 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाने के लिए शासन के निर्देशानुसार आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायत में निर्मित अटल चौक की साफ-सफाई सहित पुताई की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन दिवस का कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगा। जहां सुशासन के लिए सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक नगरीय निकायों में भी सुशासन दिवस मनाने के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा भी की और लंबित प्रकरणों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका महासमुंद।

## समाचार संक्षेप

### राष्ट्रगान से शुरू होगा कलेक्ट्रेट में कामकाज



**रायगढ़, 21 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने एक अभिनव पहल की है। अब से कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ में अनुशासन, समय की पाबंदी और अधिकारी-कर्मचारियों के बीच टीम स्पिरिट की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से काम-काज प्रातः 10 बजे राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ होगा। आज 20 दिसंबर से इसकी शुरुआत हुई। कलेक्टर कार्यालय में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गायन के पश्चात अपने कार्यालयों में काम प्रारंभ किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पांडेय, ज्वाइंट कलेक्टर श्री डी.आर.रात्रे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर श्री रमेश मोर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ऋतु हेमनानी, सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हाई स्कूल पंचपारा में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**रायगढ़, 21 दिसम्बर।** बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास हेतु खेलकूद व अन्य गतिविधि का आयोजन समय-समय पर किया जाना है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके इस उद्देश्य के लिये विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर दिनेश पटेल के मार्गदर्शन में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हाई स्कूल पंचपारा में विधिवत शुभारंभ संकुल पंचपारा, बड़े हरदी, सोडेकेला औरदा के संकुल प्राचार्य एवं सभी शिक्षक व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में मां शारदा की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें सर्वश्री संकुल प्राचार्य औरदा छबिलाल चौधरी, भुवनेश्वर पटेल, प्राचार्य सोडेकेला अरीना केरकेट्टा, बड़े हरदी बोधराम साव पंचपारा सीएसी भुवनेश्वर चौहान, सीएसी शांतनु पंडा सीएसी, पंचानन निषाद, श्रवण साव सीएसी, डिग्री लाल चौहान अध्यक्ष सर्व संस्था प्रमुख एवं सेवा निवृत्त शिक्षकों में यदुमणी पटेल, सुभाषचंद्र होता, राजकुमार सारथी की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिये अभिभावक, पालक व ग्रामीण भी उपस्थित रहे तथा खेल का आनंद उठाते रहे। प्रमुख खेल गतिविधि में खो-खो, कबड्डी, बोरा दौड, रिले रेस, घडा दौड, कुर्सी दौड़, त्रिटंगी दौड़, लम्बी कूद के साथ शैक्षणिक गतिविधि में पहाड़ा प्रतियोगिता, लेखन कौशल प्रतियोगिता एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रमुख है, इन गतिविधियों में प्रतिभागी के रूप में शामिल होकर बच्चे बहुत उत्साहित महसूस कर रहे है। संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक द्वारा संबोधित करते हुये बच्चों को खेल कूद के बारे मे जानकारी दिया गया।

### हाथी प्रभावित क्षेत्रों में आबकारी विभाग की कार्रवाई

**रायगढ़, 21 दिसम्बर।** छाल-खरसिया क्षेत्र में विचरण कर रहे 67 हाथियों के दल को ग्राम बरभौना गुरदा के रिहायशी क्षेत्रों से दूर रखने हेतु इन ग्रामों और इनके आसपास अवैध महुआ मदिरा निर्माण पर कार्यवाही करने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए है। उक्त निर्देशों के परिपालन में आबकारी विभाग रायगढ़ द्वारा संयुक्त दल बनाकर बरभौना के निकट पतासाजी करते हुए वन क्षेत्र में नदी के किनारे अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों पर कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में 8 प्लास्टिक बोरियों में प्रत्येक में 20-20 किलो कुल 160 किलो ग्राम महुआ लाहन, पांच प्लास्टिक जरीकेन और 2-2 लीटर क्षमता वाली 4 बोतलों में भरी हुई कुल 38 लीटर महुआ शराब जप्त की गई है। आबकारी वृत्त खरसिया प्रभारी संतोष नारंग द्वारा लावारिस प्रकरण कायम करते हुए आरोपियों की पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है। आबकारी अमला वन विभाग से भी संपर्क बनाए हुए है।

**जल जीवन मिशन के खोदे गए गड्डे में गिरा 3 साल का मासूम, ठेकेदार और इंजीनियर के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग**

# 12 दिन से जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा मासूम:योगराज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम(फिंगेश्वर) 21 दिसंबर।** विकासखंड फिंगेस्वर के ग्राम पंचायत सिर्री कला में पीएचई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार के लिए ठेकेदार द्वारा खोद कर छोड़े गए गड्ढे में 3 साल के बच्चे के गिर जाने से आज बच्चा पिछले12 दिनों से नवापारा स्थित एक निजी हॉस्पिटल में जिंदगी और मौत के झूल रहा हैं। हालांकि यह मामला पीड़ित पक्षो के द्वारा फिंगेश्वर थाना में दर्ज किए जाने के बाद जल जीवन मिशन का काम कर रहे पेटी ठेकेदार द्वारा हॉस्पिटल की पूरी खर्च वहन करने पीड़ित पक्ष के साथ समझौता होने की बात सामने आया हैं। लेकिन विभागीय स्तर पर उक्त ठेकेदार पर अब तक कोई कार्रवाई नही किया गया हैं। यहां तक कि घटना को हुए 12 दिन बीतने को है और विभाग के राजिम एसडीओ साहब को इतनी बड़ी घटना की जानकारी भी नही है। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने यह योजना निकाला गया। लेकिन यह योजना जब से शुरू हुआ है, तब से इस योजना में विभागीय अधिकारियों ,इंजीनियर, ठेकेदार सहित संबंधित पेटी ठेकेदारो द्वारा मिलकर इस योजना में जमकर बंदरबांट वा धुंधली किया जा रहा है। और गुणवत्ता हीन इस कार्य में सामग्री भी घटिया इस्तेमाल किया जा रहा है।और विभिन्न पंचायत क्षेत्रों से पाइप लाइन विस्तार के लिए खोदे गए गड्ढे में लोगो के गिरकर घायल होने व चारपहिया वाहनों के फंसने की अनेक मामले आये हैं। लेकिन इस बार फिंगेश्वर ब्लाक मुख्यालय के सिर्रीकला ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन योजना के तहत खोदे गए गड्ढे को समय रहते भरा नही गया था।और जिम्मदारों द्वारा एसे ही छोड़ दिया गया था और इस अनदेखी की वजह से गड्ढे जानलेवा बन गए हैं और नतीजा यह है कि आज एक 3 साल का मासूम जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। सिर्री कला निवासी हेमसिंह साहू के 3 साल के बेटा योगराज साहू खेलते खेलते पानी पिने के लिए नल के पास गया था। तभी बच्चा नल के पास पानी से भरे गड्ढे में अचानक गिर गया। गनीमत रहा की।वहा से गुजर रहे पड़ोसी ने उसे तत्काल गड्डे से निकाला पर पानी में डूबने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए परिजनों ने नवापारा स्थित एक निजी हॉस्पिटल में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सा विशेषज्ञों ने बच्चे की फेफड़े में पानी पहुंच जाने की स्थिति में तकरीबन 12 दिनों तक आईसीयू वार्ड में रखा हैं। हालांकि अभी स्थिति नियंत्रण में होने की जानकारी मिली है। मामले में परिजन मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान होने के कारण शासन-प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। साथ ही मामले मे दोषी फिंगेस्वर निवासी ठेकेदार और विभाग के इंजीनियर के खिलाफ जांच कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए गैर ईरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग कर रहे हैं । लेकिन फिंगेस्वर निवासी पेटी ठेकेदार कानूनी कार्रवाई से बचने व इलाज के खर्च के लिए पीड़ित पक्ष के पास रुपये नही होने के कारण उक्त ठेकेदार ने मौका देखकर समझौता कर लिया है। लेकिन इस मामले में विभागीय स्तर पर संबंधित ठेकेदार के ऊपर कार्रवाई के लिए या कोई कोई कारण बताओ नोटिस जारी नही किया हैं। काम पूरा हुआ नहीं और सरपंच ने राशि आहरण करने जारी किया एनओसी- इस मामले में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों ने ठेकेदार से आपसी मिली भगत कर आधे अधूरे काम होने के बावजूद पूरे काम होने का हवाला देते हुए ठेकेदार को कार्य पूर्णता होने की प्रस्ताव पास कर राशि आहरण किये जाने विभाग को स्वीकृति प्रदान कर दिया गया। अब ठेकेदार की लापरवाही के चलते घटना में गंभीर रूप से घायल बच्चे के घटना से सरपंच नींद से जाग चुका है और ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि मोहन साहू एनओसी को निरस्त करने विभाग को पत्र भेजे जाने की जानकारी दी है।साथ ही सरपंच ने बताया की ठेकेदार द्वारा घटिया और गुणवत्ता हीन कार्य किया गया है। इस संबंध में पीएचई विभाग के एसडीओ नवीन साहू से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि सिर्री कला वाले घटना की जानकारी मुझे आज ही मिला है, मामला को देख लेता हूं, फिर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा।

## एक नजर

### जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता 23 दिसंबर को, 22 तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार,21 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगए संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 18 दिसम्बर से 25 दिसम्बर के मध्य गुरू घासीदास जंयती सप्ताह के रूप में आयोजित की जायेगी। उक्त कार्यक्रम में जिला स्तर पर पंथी नृत्य का आयोजन किया जायेगा। जिसमे एक टीम का चयन कर राज्य स्तरीय आयोजन में चयनित दल को भाग लेने हेतु अवसर दिया जायेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरण किया जायेगा। उक्त संबंध में जिले में गरिमामय एवं सादगीपूर्ण तरीके से 23 दिसम्बर 2023 को शास.पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बलौदाबाजार में कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी हेतु संयुक्त जिला कार्यालय कमरा नंबर 86, आदिवासी विकास बलौदाबाजार में 22 दिसम्बर 2023 तक आवेदन जमा कर सकते है।

### 15 दिनों में ही 1 करोड़ 31 लाख 73 हजार रुपये का राजस्व हुआ जमा

**बलौदाबाजार,21 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगए संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार राजस्व संग्रह पर जोर दिया जा रहा है। जिसमें लंबित डायवर्सन शुल्क शासन के पक्ष में जमा कराने के लिए संबधित व्यक्तियों एवं संस्थानों को प्रेरित किया जा रहा है। इस तारतम्य में सिमगा अनुविभाग अंतर्गत दो संस्थानों द्वारा 15 वर्षो के लिए 76 लाख 28 हजार 110 रूपये डायवर्सन भू-भाटक शुल्क जमा कराया गया है। जिसमे अल्ट्राटेक हिरमी द्वारा 64 लाख 89 हजार 10 रूपये एवं अर्थस्टील द्वारा 11 लाख 39 हजार 100 रूपये शामिल है। इसी तरह अब तक जिले में 15 दिनों में ही अब तक 1 करोड़ 31 लाख 73 हजार रूपये डायवर्सन शुल्क जमा कराएं जा चुके है। जिसमें अनुविभाग बलौदबाजार द्वारा 34 लाख रूपये,भाटापारा 12 लाख रूपये, सिमगा 85 लाख रूपये एवं कसडोल द्वारा 73 हजार रूपये शामिल है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करें अधिकारी : कलेक्टर

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन एवं प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि केन्द्र शासन प्रवर्तित योजनाओं की आम जनता तक पहुंच सुनिश्चित करने और छूटे हुए हितग्राहियों को इसका लाभ दिलाने के लिए पंचायत स्तर पर चलित वैन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इसका क्रियान्वयन गम्भीरता व उच्च प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे आयोजित बैठक में कलेक्टर ने बताया कि केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के साथ ही अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार इसके माध्यम से जिले में 17 दिसम्बर से किया जा रहा है। यह शासन की उच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है जिसका श्रेष्ठ क्रियान्वयन करने जिला स्तर एवं मैदानी स्तर अधिकारी अपना बेहतर प्रदर्शन करें। बैठक में कलेक्टर ने पेंशन के सभी लम्बित प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से करने हेतु आवश्यकतानुसार शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों के लम्बित मामलों का भी जल्द से जल्द निबटारा करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा धान खरीदी केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए राइस मिलरों के जरिए शीघ्रता से उठाव सुनिश्चित करने कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को निर्देश दिए। इसके लिए धान संग्रहण केन्द्रों की सतत् मॉनिटरिंग करने तथा प्रतिदिन निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक कुल 16.58 लाख मीट्रिक टन धान उपार्जित किया जा चुका है तथा समितियों में 11.75 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जाना शेष है।

# राजस्व प्रकरणों के निपटारे में सुस्ती पर कलेक्टर हुए सख्त

- लंबित आवेदनों पर सम्बंधित अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश
- चलेगा गंभीर कुपोषितों के लिए विशेष अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 दिसम्बर।** अविवादित राजस्व प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन का निराकरण समय- सीमा के बाद भी नहीं होने पर कलेक्टर चंदन कुमार ने सख्ती दिखाते हुए राजस्व न्यायालयवार लंबित आवेदन के आधार पर सम्बंधित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं आरआई को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित समय -सीमा की बैठक में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में अविवादित बंटवारा व सीमांकन के कार्य सबसे आसान व जल्द निराकृत हो सकने वाले प्रकरण है लेकिन ऐसे प्रकरण भी समय- सीमा के बाहर लंबित रहना कार्य के प्रति उदासीनता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि राजस्व के सभी प्रकरणों को सबसे पहले सम्बंधित न्यायलय में दर्ज करें। प्रकरण दर्ज करने के बाद ही कार्यवाही प्रारम्भ करें। उन्होंने बिना अनुमति के भूमि उपयोग



में परिवर्तन के मामलों की नियमितता के लिए अभियान चलाकर राशि जमा कराने के निर्देश दिए। इसीतरह बटांकन के लिए शेष रकबो का भी अभियान चलाकर रिकार्ड दुरुस्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरण के सबंध में बिना खात्मा रिपोर्ट के भी प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भू भाटक की वसूली, अभिलेख शुद्धता, डिजिटल हस्ताक्षर, विवादित एवं अविवादित बंटवारा, सीमांकन के में तेजी लाने प्रतिदिन पटवारियों से रिपोर्ट लेने कहा।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से विशेष अभियान चलाने के समबन्ध में जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में 2083 गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे चिन्हांकित हैं। इन कुपोषित बच्चों को कुपोषण से बाहर निकलने के लिए 21 दिसंम्बर 2023 से 18 जनवरी 2024 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमे बच्चो को प्रोटीन सप्लीमेंट के अतिरिक्त विटामिन व आयरन सिरप दी जाएगी तथा आवश्यता अनुरूप जरूरी उपचार भी किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान बच्चों के अभिभावकों का काउंसिलिंग भी करें ताकि कुपोषण दूर करने में उनकी भी महत्वपूर्ण सहभागिता रहे। कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत, सिकल सेल एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए कार्ययोजना बनाने तथा प्रतिदिन टेस्टिंग व स्कैनिंग के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अनुमानित लक्ष्य 74 लाख क्विंटल के विरुध्द अब तक 30 प्रतिशत हुए खरीदी में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने सबसे पहले छोटे किसानों से एक बार मे ही धान खरीदी करने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, अपर कलेक्टर द्वय वीसी एक्का, एवं अनुपम तिवारी, साहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उलस्थित थे।

### किसानों में बढ़ रही है नाराजगी, कर रहे हैं भूपेश बघेल की वाहवाही

# घोषणा पत्र में 21 क्विंटल और 3100 रुपये में धान खरीदी के वादे पर अब शंका के बादल





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 21 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार बने दस दिन से भी अधिक हो गया है परंतु किसानों के धान लेने संबंधी आदेश देरी से देने और समय सीमा नहीं बढ़ाने पर, हो सकता है लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को भारी नुकसान।

**कर्ज की राशि की वसूली से भी नाराजगी:** 1 साल की कर्ज माफी, 4 साल विकास की रफ्तार को रोक देता है पर कुछ किसान ऐसे भी हैं जो सहकारी समिति से कर्जा लेकर बाजार में तीन प्रतिशत से पांच प्रतिशत तक ब्याज पर रुपयों को, लोगों को दे देते थे। कर्ज माफी की उम्मीद लगाए ऐसे किसानों को निराशा हाथ लगी है। भाजपा सरकार द्वारा दो वर्षों का बोनस देने की घोषणा तो कर दिया गया है किंतु अभी तक इसके लिए जरूरी जानकारी नहीं मांगी गई हैं। वहीं दूसरी ओर नए समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी को लेकर भी कोई गाइडलाइन जारी नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में किसानों के मन में संशय की स्थिति नजर आ रही है।

कुछ लोग तो इस मामले में भूपेश बघेल की तारीफ कर रहे हैं कि किसान पुत्र ही, किसानों के दर्द को समझ सकता हैं। जिन्होंने 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के 2 घंटे के अंदर ही किसानों को कर्ज माफी का तोहफा दिया था। भाजपा की वर्तमान सरकार ने धान खरीदी के आदेश देने के बजाय आवास निर्माण जैसे गैर जरूरी मुद्दे को प्राथमिकता दिया। आने वाले लोकसभा चुनाव सन 2024 में भारतीय जनता पार्टी की वर्तमान सरकार को किसानों के हित में तत्काल फैसला नहीं लेने से भारी नुकसान हो सकता है क्योंकि किसानों और आम जनता ने जिस उम्मीद के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ राज्य में बनाई है उस उम्मीद में अभी से शंका के छेद हो गए हैं।

# जुआ खेल रहे 10 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- जुआडियों से नगदी 23,700 रुपये एवं 52 पत्ती ताश जब्त
- जुआड़ियानों के विरुद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय किया गया पेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 दिसम्बर।** बलौदाबाजार पुलिस ने जुआ खेलने वाले 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 20 दिसम्बर अवैध शराब पतासाजी एवं रेड कार्यवाही हेतु टाऊन पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था दौरान पेट्रोलिंग मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम खपराडीह श्री सीमेंट ट्रक यार्ड मेंजुआ खेल रहे है कि सूचना पर रेड कार्यवाही कर जुआड़ियान 1. दिनेश यदु पिता राजाराम यदु उम्र 22 साल साकिन चंडी थाना सुहेला, 2. सुनील कुमार साहू पिता बृजलाल साहू उम्र 30 साल साकिन फरहदा थाना भाटापारा ग्रामीण, 3. चौनसिंग ठाकुर पिता देवसिंग ठाकुर उम्र 28 साल साकिन मुंगेली थाना लालपुर जिला मुंगेली, 4. ओमप्रकाश साहू पिता प्रितराम साहू उम्र 47 साल साकिन राका कठिया थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा, 5. रूपलाल कहरा



पिता जैतराम कहरा उम्र 35 साल साकिन फरसवानी थाना डभरा जिला शक्ति, 6. ओमप्रकाश पटेल पिता काशीनाथ पटेल उम्र 32 साल साकिन रवान थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार, 7. देवप्रसाद कुर्रे पिता हृदयलाल कुर्रे उम्र 32 साल साकिन डिग्गी थाना भाटापारा ग्रामीण, 8. डुमेन बांधे पिता कामता प्रसाद बांधे उम्र 25 साल साकिन भैसा थाना हथबंद 9. हेमंत साहू पिता फिरंगी साहू उम्र 34 साल साकिन खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर,10. राहुल साहू पिता संतोष कुमार साहू उम्र 27 साल साकिन नयापारा आजाद चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली ब.बा को पकडे जुआडियान के पास एवं फड़ से कुल नगदी रकम 23700 रूपये एवं 52 पत्ती तास मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया जुवाडियान के विरूद्ध अपराध क्रमांक 225/2023 धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जुआड़ियान के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अजय झा के निर्देशन में प्रधान आरक्षक समीर शुक्ला, संत मिलाप ध्रुव, आरक्षक सुरेश वर्मा, करण साय पैंकरा, दिनेश चंद्रवंशी, सहदेव पटेल,शांतनु डहरिया,भूपेन्द्र वर्मा,विनोद कुमार वर्मा, बालेश्वर भगत का विशेष योगदान रहा थाना सुहेला में अवैध जुआ-सटटा, शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।'

#### आरोपियों के नाम

1. दिनेश यदु पिता राजाराम यदु उम्र 22 साल साकिन चंडी थाना सुहेला
2. सुनील कुमार साहू पिता बृजलाल साहू उम्र 30 साल साकिन फरहदा थाना भाटापारा ग्रामीण
3. चौनसिंग ठाकुर पिता देवसिंग ठाकुर उम्र 28 साल साकिन मुंगेली थाना लालपुर जिला मुंगेली
4. ओमप्रकाश साहू पिता प्रितराम साहू उम्र 47 साल साकिन राका कठिया थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा
5. रूपलाल कहरा पिता जैतराम कहरा उम्र 35 साल साकिन फरसवानी थाना डभरा जिला शक्ति
6. ओमप्रकाश पटेल पिता काशीनाथ पटेल उम्र 32 साल साकिन रवान थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार
7. देवप्रसाद कुर्रे पिता हृदयलाल कुर्रे उम्र 32 साल साकिन डिग्गी थाना भाटापारा ग्रामीण
8. डुमेन बांधे पिता कामता प्रसाद बांधे उम्र 25 साल साकिन भैसा थाना हथबंद,
9. हेमंत साहू पिता फिरंगी साहू उम्र 34 साल साकिन खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर
10. राहुल साहू पिता संतोष कुमार साहू उम्र 27 साल साकिन नयापारा आजाद चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली ब.बा

## समाचार संक्षेप

### सभी जिलों, जनपद और ग्राम पंचायतों में मनाई जाएगी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

**बलौदाबाजार, 21 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 25 दिसंबर सुशासन दिवस के रूप में जिले के सभी ग्राम पंचायतों में मनाई जाएगी। राज्य शासन द्वारा सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 के पूर्व ग्राम पंचायतों में पहले से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई आवश्यक मरम्मत आदि कराने के निर्देश दिए गए हैं। सुशासन दिवस के दिन निर्वाचित जनप्रतिनिधि और आम नागरिक ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे। इसी क्रम में ग्राम और ग्राम पंचायतों में 25 दिसंबर से आगामी एक सप्ताह तक स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा। कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सुशासन दिवस के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में प्रातः 10 बजे अटल चौक से प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलन पश्चात् उपस्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लिया जाएगा। कुमार ने सभी जनपद सीईओ से कहा है कि सुशासन दिवस के आयोजन के लिए अपने-अपने जनपदो के समस्त जनपद और ग्राम पंचायतों को तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किया जाए और सुशासन दिवस मनाने के लिए कार्यक्रम की पूरी तैयारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही आयोजित कार्यक्रम के फोटोग्राफएवं पालन प्रतिवेदन जिला कार्यालय को भेजाना सुनिश्चित करे। इस संबंध में आज विस्तृत दिशा निर्देश जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने अलग से जारी कर जनपद पंचायत के सीईओ को किए हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में उत्साह से शामिल हो रहे ग्रामीण




**जगदलपुर, 21 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्र सरकार की योजनाओं से सम्बंधित प्रचार वाहन मोदी की गारंटी की गाड़ी मंगलवार को जिले के वनांचल इलाके के हाट-बाजार एवं ग्राम पंचायतों में पहुंची तो ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। जगदलपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पुसपाल में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में कलेक्टर विजय दयाराम के. सहित सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही पंचायत पदाधिकारी तथा हजारों की संख्या में ग्रामीणजन सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने कार्यक्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक, ग्रामीण बैंक के द्वारा स्टॉल का अवलोकन कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के निर्देश अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। इस मौके पर उपस्थित हजारों लोगों ने आईईसी एलईडी वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प सन्देश को तन्मयता से श्रवण किया। संकल्प यात्रा स्थल में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। पुसपाल में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर विजय दयाराम ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से अवगत कराना है और इन योजनाओं से सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करना है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले में 45 हजार 373 आवास स्वीकृत

# अब तक 37 हजार 781 आवासों का निर्माण पूर्ण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 दिसम्बर।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का सुचारू क्रियान्वयन कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक 45 हजार 373 आवासों की स्वीकृति कर दी गई है। जिसमें से 45 हजार 139 को प्रथम किश्त, 43 हजार 120 को द्वितीय किश्त,41 हजार 126 को तृतीय किश्त एवं 22 हजार 806 को चतुर्थ किश्त की राशि भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सभी जनपद पंचायतों के अधिकारियों की बैठक कर समस्त अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने एवं शेष किश्त की राशि हितग्राहियों को भुगतान करने हेतु निर्देश दिए गए है। जिससे आवास निर्माण में कार्य तेज गति से शुरू हो गया है और हितग्राही अपने पक्के अशियानों को पूर्ण होते देख रहे है।

जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने बताया कि योजनांतर्गत जिले के स्थायी प्रतिक्षा सूची में कुल 64 हजार 992 हितग्राही शामिल है। जिसमें अब तक 45 हजार 373 आवासो को स्वीकृत



कर 37 हजार 807 आवासों को पूर्ण कराया गया है। जहां हितग्राही खुशहाली के साथ अपने पक्के आवासों में निवासरत है। 37 हजार 807 पूर्ण आवासों में जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत 9048, भाटापारा 4858, कसडोल 9501,पलारी 8433 एवं सिमगा 5967 आवास शामिल है।

उल्लेखनीय है कि शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण वर्ष 2016-17 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य सामाजिक एवं आर्थिक जनगणना 2011 के तहत आने वाले पात्र परिवारों को पक्का मकान मुहैया कराना है। योजनांतर्गत हितग्राहियों को कुल राशि 1 लाख 20 हजार रूपये, 04 किश्तों में सीधे हितग्राही को प्रदान की जाती है। प्रथम किश्त की राशि 25 हजार रूपये स्वीकृति के पश्चात,द्वितीय किश्त की राशि 40 हजार रूपये, प्लींथ स्तर,तृतीय किश्त की राशि 40 हजार रूपये,छत स्तर और चतुर्थ किश्त की राशि 15 हजार रूपए पूर्ण होने पर दिया जाता है। साथ ही योजनांतर्गत 90 मानव दिवस का मनरेगा मजदुरी का भुगतान किया जाता है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202312092200022**

मामले की श्रेणी:- राजस्व
विषय:- ब-121
सनः- 2023-2024
रीवागहन प.ह.न. 00018 [ (हे0) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-राजकुमार,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार आ. बैजुराम जाति महार निवासी रीवागहन तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र अथर्व आ. बैजुराम का जन्म दिनांक 03.12.2010 को ग्राम रीवागहन में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.12.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/12/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202312092100030**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः-2023-2024
बधियाटोला (प.ह.न. 00023),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सकुन बाई,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सकुन बाई पति स्व. श्री पापा हत्थेल जाति मेहतर, (विक्षिप्त) द्वारा तरूण हत्थेल आ. पापा हत्थेल निवासी रेल्वे कालोनी वार्ड नं. 06 डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदक खातेदार सकुन बाई का पुत्र है वर्तमान में आवेदक विक्षिप्त है यह कि आवेदक की माता विक्षिप्त सकुन बाई के नाम पर ग्राम बधियाटोला खाता कंमाक 895 में खसरा नम्बर 92/4 रकबा 0.020 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। उक्त खाते में वर्ग सामान्य जाति ईसाई लिखा गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण है, वास्तव में भूमि क्रय करने के पश्चात् से आज दिनाँक तक पुराने खाते में सकुन बाई पति पापा हत्थेल जाति मेहतर लिखा हुआ चला आ रहा है, किन्तु पादरी के हस्तक्षेप तथा जबरन क्रिश्चन बनाने के प्रयास स्वरूप ऑनलाईन भू-अभिलेखो में सशक्त करते हुए त्रुटि करवाई गई है, जिसे सुधारा जाना अत्यंत आवश्यक है। अतः राजस्व अभिलेखों की ऑनलाईन प्रति में की गई गड़बड़ी को सुधार के लिये निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 08.01.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/12/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202312092100015
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तेंजेश्वर प्रसाद दुबे आ. जगदीश प्रसाद दुबे, आयु 37 वर्ष, जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम राका, पोस्ट मुरमुन्दा हाल मुकाम-नरसिंग वार्ड नंबर 10 डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक द्वारा रतनलाल आ. जोहरीलाल जाति ब्राम्हाण निवासी नरसिंग वार्ड नंबर 10 डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ, जिला राजनांदगांव के हक वो आधिपत्य में नजूल शहर वार्ड नं. 12 डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 05 भूखण्ड क्रमांक 1414 में से, 1415/1 में से क्षेत्रफल 408 वर्गफुट 817 वर्गफुट भू-भाटक 2.00 रूपया भूमि/मकान को दिनांक 20/09/2023 को क्रय किया गया है। आवेदक उक्त भूमि को क्रय करने के बाद अपने नाम से प्रमाणिकरण (नामांतरण) करवाना चाहता है तथा उक्त भूमि को अपने नाम से राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ विक्रयपत्र की छायाप्रति एंव तलवाना पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 27/12/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनाँक 12/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़

**कार्यालय कलेक्टर (विवाह शाखा) गरियाबंद (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक/क-4855/विवाह अधि./2023
गरियाबंद दिनांक 05/12/2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री टेकराम बंजारे पिता श्री शोभित बंजारे निवासी ग्राम बकली पो. परसदाजोशी तहसील राजिम जिला गरियाबंद (पति) एवं आवेदिका श्रीमती काजल साहू पिता श्री भुपेन्द्र कुमार साहू निवासी ग्राम अरण्ड तहसील राजिम जिला गरियाबंद (पत्नी) ने हिन्दु विवाह अधिनियम के अधीन अपने विवाह के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त विवाह के रजिस्ट्रीकरण में आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में 05/01/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/12/2023 को इस कार्यालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

## एक नजर

### जैतूसाव मठ में रामजानकी विवाह उत्सव



रायपुर, 21 दिसम्बर। जैतू साव मठ पुरानी बस्ती रायपुर मे रामजानकी विवाहोत्सव के अंतर्गत, भोग, पुजन, आरती, गठबंधन छुडाने का विधी किया गया। महिला मंडली द्वारा लोक गीत से मंदिर भक्तिमय हो गया, जिसमे राजेश्री महंत रामसुन्दर दास महराज, सचिव महेन्द्र अग्रवाल, अजय तिवारी, पुजारी सुमित तिवारी, दिपक पाठक, शैल अग्रवाल, संतोसी अग्रवाल, कुसुम दिवान, रोहित चौबे, शारदा शुक्ला, शालिनी अग्रवाल, उषा झा, रतना अग्रवाल, लेखा अग्रवाल, ललिता, प्रभा अग्रवाल, मधु अग्रवाल, सरिता शुक्ला, मनिषा यदू, चमेली अग्रवाल, प्रमिला, शांता, बडी संख्या में जन मान्य व संस्कृत पाठशाला के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### संतोषी नगर बेटी बचाओ मंच ने मनाया कन्या जन्मोत्सव



रायपुर, 21 दिसम्बर। संतोषी नगर बेटी बचाओ मंच ने माता संतोषी बाघ तथा पिता महेंद्र बाघ के यहां बेटी जन्म अवसर को कन्या जन्मोत्सव के रूप में मनाया। श्री राम मैदान संतोषी नगर स्थित उनके निवास में जाकर नवकन्या जयश्री का पैर धोकर चंदन का लेप करके, देवी का स्वरूप मानकर आशीर्वाद प्राप्त किया। माता को बेटी गौरव सम्मान, पिता को बेटी संरक्षण सम्मान तथा नवकन्या को दुर्गा शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। उक्त सम्मान मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, ऋषि कुम्हार, अन्नपूर्णा कुम्हार, लता छुरा, राधा महानंद, अनुपमा दीप, शांति जगत, लक्ष्मी महानंद, निरंजन बाघ, रूदना बाघ, किसन छुरा, सुशील बाघ, जगन्नाथ महानंद ने पुष्प माला से स्वागत कर बेबी किड्स व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम की जानकारी मोहनदीप ने दी। संचालन किशन छुरा ने किया।

लोकार्पण



रायपुर, 21 दिसम्बर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी में विधान सभा के समीप स्थित जीरो पॉइंट चौक के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। सौंदर्यीकरण के तहत चौक पर छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति एवं लोक कला को प्रदर्शित किया गया है। चौक के मध्य में और दोनों तरफके गार्डन का सौंदर्यीकरण 37.95 लाख रुपए की लागत से किया गया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिँह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, विधायक विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे।

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी अभ्यर्थियों ने बृजमोहन को सौंपा ज्ञापन

रायपुर, 21 दिसम्बर। सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 में हुई कथित गड़बड़ियों को लेकर अभ्यार्थियों ने विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए परीक्षा परिणाम निरस्त करवाकर उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है।

इस संबंध में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हमारी भाजपा सरकार युवाओं का भविष्य संवारने के लिए सदैव तत्पर है। पिछली सरकार के कार्यकाल में जो गड़बड़ियां हुई है उनकी निश्चित तौर पर हम जांच कराएंगे। भविष्य में भी किसी अभ्यार्थी के साथ अन्याय या पक्षपात न हो यह हम सुनिश्चित करेंगे।

अपने ज्ञापन में उन्होंने बताया कि सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 के प्लाटून कमांडर पद से संबंधित माननीय उच्च न्यायालय ने आदेश कर विसंगतियों को उजागर किया था। इस गलती के कारण लगभग 2500 छात्रों को अयोग्य घोषित कर दिया गया था जिसमें से 2000 प्री-स्टेज में और 500 मेंस स्टेज में थे। न्यायालय



ने विसंगति सुधारने के निर्देश दिए थे परंतु आज तक किसी भी तरह की कोई कार्रवाई आयोग की छात्रों के पक्ष में नहीं हुई। अपने ज्ञापन में अभ्यर्थियों ने अपनी शिकायत व गड़बड़ियों का बिंदुवार ब्योरा दिया है। साथ ही कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि पिछली सरकार इस मामले में छात्रों के हितों के प्रति पूरी तरह से असहयोगी रही है वरिष्ठ राज्य काउंसिल और उच्च अधिकारियों ने छात्रों का मनोबल गिराने के लिए हर संभव प्रयास किया उन्होंने न्यायालय को गुमराह करने से लेकर समाचार रीजेंसी और सोशल मीडिया में भी भ्रामक प्रचार किया।

# पूर्व सरकार की वेतन वृद्धि की घोषणा कागजों में

## मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया

रायपुर, 21 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ के 87 हजार 5 सौ रसोईया जिन्हें वर्तमान में 1500 मासिक वेतन मिल रहा है। पूर्व सरकार ने 800 रु की वेतन वृद्धि की जो घोषणा की थी। वह घोषणा, घोषणा ही रह गई। भाजपा के मोदी गारेंटी में रसोईया वेतन में 50त्न वृद्धि का वादा किया। रसोईया के 200 साथियो ने रायपुर में नीलू ओगरे प्रान्त प्रमुख के नेतृव में मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर इसे 100 दिन के भीतर लागू करने का अनुरोध किया। जिस पर मुख्यमंत्री महोदय ने तत्काल निज सचिव को बुलाकर इस पर उचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिया। रसोईया संघ ने मुख्यमंत्री से लिखित अनुरोध में कहा एक साथ 50त्न वृद्धि संभव न होतो जो शुरुवाती वृद्धि 100 दिन के भीतर संभव हो उसे लागू करने का निवेदन किया है।

रसोईया को पुर्व सरकार यदि वृद्धि राशि प्रदान कर देती तो उनका वेतन 2300 रु मासिक वर्तमान में होता। इसके 50त्न वृद्धि में लगभग 1150 रु मासिक वेतन वृद्धि संभव थी। इससे कोष में मात्र मासिक 10 करोड़ सवा 6 लाख का वित्तीय भार आना है। मुख्यमंत्री के पश्चात डॉ रमन सिंह विधानसभा



अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, सहित कद्दावर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से भी मुलाकात कर यह ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा रसोईया संघ ने समस्त भाजपा के विधायकों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। अपनी मांग से अवगत करवाया।

### मोदी की गारंटी वाले सभी वादों को पूरा करेंगे: साव

21 क्विंटल धान खरीदी सहित घोषणा पत्र के अन्य वादों पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत दिया है. जनता के सामने हमने मोदी की गारंटी प्रस्तुत की थी. एक-एक वादे को सअक्षर हम पूरा करेंगे डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि पीएम आवास देने की स्वीकृति हमने कैबिनेट की पहली बैठक मे पूरी की, दो साल का पुराना बोनस देने का वादा किया था, उसे भी 25 दिसंबर को किसानों के खाते में डालने का काम करेंगे, छत्तीसगढ़ खुशहाल, समृद्ध और भ्रष्टाचार मुक्त बने. मोदी की गारंटी में एक कम्प्लीट रोड मैप हमने दिया है, उसे पूरा करेंगे. संसद में सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस के कल होने वाले विरोध प्रदर्शन पर डिप्टी सीएम साव ने कहा कि आज कांग्रेस मुद्दाविहीन है. देश की जनता को भटकाने का काम कांग्रेस लगातर करती रही हैं, सदन चलने नहीं दे रहे. सदन चर्चा के लिए है, ये वहां पर असंसदीय आचरण करेंगे, कार्यवाही को बाधित करेंगे, तो सभापति के पास इसके अलावा कोई ऑप्शन नहीं होता है. विपक्ष अभी भी समझे और देश के बेहतरी और विकास में सरकार का सहयोग करे।

# विप्र ट्रॉफी : तीसरी बार रायपुर विजेता

रायपुर, 21 दिसम्बर। उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी राज्य स्तरीय इंटर सेक्टर क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में रायपुर सेक्टर ने बिलासपुर सेक्टर को तीन रन से हराकर लगातार तीसरी बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया। राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि ज्ञानेश शर्मा (अध्यक्ष विप्र शिक्षण समिति ), पूर्व रणजी प्लेयर राजय परिहार, विप्र कॉलेज के पूर्व छात्र एवं भारतीय क्रिकेट टीम के मैनेजर तरुणेश परिहार एवं जयेश शुक्ला ने विजेता एवं उपविजेता विजेता टीम को विप्र ट्रॉफी,मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



मुदित भार्गव को घोषित किया गया। मुदित ने क्वार्टर फाइनल में 79 रन एवं सेमीफाइनल में 81 रन बनाएं।

इसके पूर्व विप्र कॉलेज मैदान में खेले गए आज फाइनल मुकाबले में रायपुर सेक्टर ने पहले बैटिंग करते हुए 25 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाएं। अभिषेक ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 69 गेंद में 103 रन बना प्रतियोगिता का पहला शतक बनाया। दिव्यांश ने 56 गेंद में 44 रन बनाएं। बिलासपुर के परिवेश ने 5 ओवर में 29 रन देकर एक विकेट लिए। जवाब में बिलासपुर की टीम जीत का पीछा करते हुए 25 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 192 रन हीं बना पाई। परिवेश ने 33 गेंद में 72 रन बनाए। रायपुर के अंशुमन गोस्वामी, अभिजीत साहू और शुभम ने एक -एक विकेट लिए। बिलासपुर टीम को अंतिम दो ओवर में 35 रन की आवश्यकता थी। 19वे ओवर में 17 रन बने। अंतिम ओवर में 18 रन बनाने थे। प्रथम तीन गेंद में सिर्फ6 रन बन पाए।

विमोचन



रायपुर, 21 दिसम्बर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज यहां राज्य अतिथि गृह पहुना में वरिष्ठ इतिहासकार आचार्य रमेन्द्रनाथ मिश्र ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और वरिष्ठ साहित्यकार पंडित सुंदरलाल शर्मा की जयंती पर आचार्य मिश्र द्वारा पुनः संपादित एवं संयोजित श्री कृष्ण जन्मस्थान नामक पुस्तक का विमोचन किया।

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन 22 को

रायपुर, 21 दिसम्बर। सांसदों के निलंबन पर दिल्ली से लेकर राजधानी रायपुर तक की राजनीति गरमायी हुई है। केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस जिला मख्यालयों में कल यानि 22 दिसंबर को धरना प्रदर्शन करेगी। 142 सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस ने देश भर में धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में येधरना प्रदर्शन होगा। निलंबन का विरोध करते हुए एक दिवसीय प्रदर्शन कांग्रेस करेगी। राजधानी में शीर्ष नेता धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धरना प्रदर्शन होगा। कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और नेतागण प्रदर्शन में शामिल होंगे। कांग्रेस का कहना है कि यह लोकतंत्र की हत्या है और संसद को लोकतंत्र के कब्रिस्तान में बदल दिया गया है। हाल ही में नई दिल्ली में इंडिया अलायंस की बैठक हुई थी। इस बैठक में केंद्र सरकार द्वारा किए गए इस कृत्य के लिए फैसला लिया गया है। बैठक में सांसदों के निलंबन का पुरजोर विरोध किए जाने की बात कही गई है। जिसके लिए कांग्रेस द्वारा पूरे देश में 22 दिसंबर को एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय विद्यालय का वार्षिक उत्सव 22 दिसम्बर को

रायपुर, 21 दिसम्बर। राष्ट्रीय विद्यालय समिति द्वारा संचालित राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाल आश्रम कचहरी चौक में वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 22 दिसम्बर को दोपहर एक बजे से किया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक अनुज शर्मा होंगे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी करेंगे।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23